RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादक:- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

# दैनिक सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर गुरुवार ●18 जनवरी , 2024 वर्ष:-11 अंक - 260 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर रोक लगाने की मांग

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर, सनातन के खिलाफ बताया

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग उठ रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में इसे लेकर एक जनहित याचिका दाखिल हुई है। खबर है कि याचिका में शंकराचार्यों की तरफ से उठाई गई आपत्तियों का हवाला दिया गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि सोमवार दोपहर 1 बजे समारोह हो सकता है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के भोला दास ने याचिका दाखिल की है।

याचिका में कहा गया है, 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। निर्माणाधीन मंदिर में रामलला की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूजा करेंगे। आगे कहा गया है, शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर आपत्ति उठाई है। पूस के महीने में कोई धार्मिक



कार्यक्रम आयोजित नहीं होते हैं। मंदिर अभी भी पूरा नहीं हुआ है। एक अधूरे मंदिर में किसी भी देवता को विराजमान नहीं किया जाता है। एजेंसी के अनुसार, याचिका में प्राण प्रतिष्ठा को सनातन परंपरा के खिलाफ मामला भी बताया गया है। इसमें यह भी दावा किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी फायदे के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया है। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार को शुरू हो गया। मंदिर न्यास के एक सदस्य और उनकी पत्नी की अगुवाई में इस दौरान कई अनुष्ठान हुए। मंगलवार से शुरू हुए अनुष्ठान नए मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न होंगे। राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने कहा, अनुष्ठान शुरू हो गया है और 22 जनवरी तक जारी रहेगा। 11 पुजारी सभी देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए अनुष्ठान कर रहे हैं। इस महीने की 22 तारीख तक अनुष्ठान चलेंगे।

### अखिलेश बोले-

## कांग्रेस हमें कार्यक्रमों में बुलाती ही नहीं

### लखनऊ से पीडीए यात्रा रवाना की, कहा-स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल, सब तीर्थ चले गए

**लखनऊ (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के लिए सरगर्मी बढ़ गई है। राहुल गांधी के ऐलान के बाद अब सपा ने भी पीडीए यात्रा शुरू की है। पार्टी प्रमुख



अखिलेश यादव ने बुधवार को लखनऊ से पीडीए यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा सीतापुर समेत 13 जिलों से होते हुए 1 फरवरी को दिल्ली में समाप्त होगी। सपा ऑफिस में अखिलेश ने मीडिया से बात की। इस दौरान कहा, हम पीडीए पंचायत भी करेंगे। लोग हमारे साथ हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन ही जीतेगा। बीजेपी सरकार आने के बाद 1 लाख किसानों का सुसाइड हुआ है। विभाग के आंकड़े इसके गवाह हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जॉब देने का दावा करती है।

## राजधानी भोपाल में 20 जनवरी से रात में हटेगा बीआरटीएमस

● **सीएम डॉ. मोहन यादव ने देखा प्रजेंटेशन; शुरुआत बैरागढ़ से होगी**



**भोपाल।** भोपाल के बीआरटीएस (बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को हटाने का बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रजेंटेशन देखा। इसके बाद बीआरटीएस को 20 जनवरी से हटाने का फैसला लिया गया। शुरुआत बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) से होगी। चूंकि दिन में बीआरटीएस के दोनों ओर दिन में ट्रैफिक का ज्यादा रहता है, इसलिए जब रात में ट्रैफिक कम होगा तब हटाया जाएगा। मिसरोद से एम्प्री तक, रोशनपुरा से कमला पार्क और कलेक्टोरेट से लालघाटी के बीच बीआरटीएस को तोड़ने में कुल 18.51 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे पहले 20 दिसंबर को मुख्य सचिव वीरा राणा ने यह प्लान देखा था। इसके बाद सीएम डॉ. यादव के सामने प्रजेंटेशन की तैयारी की गई। बुधवार को सीएम के सामने प्लान रखा गया। कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, निगम कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए. ने प्लान के बारे में बताया। निगम कमिश्नर ने प्रजेंटेशन दिया।

इसके बाद बीआरटीएस कॉरीडोर को हटाने का निर्णय लिया गया। प्रजेंटेशन देखने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीआरटीएस कॉरीडोर को हटाने का काम समय सीमा में पूरा हो। यह कॉरिडोर ट्रैफिक में सुगमता और जन सुविधा के लिए हटाया जा रहा है। इसलिए जहां ट्रैफिक का दबाव अधिक हो, वहीं से बीआरटीएस कॉरीडोर हटाने का कार्य आरंभ किया जाए। जनसुविधा को देखते हुए बीआरटीएस हटाने का काम रात में किया जाए। पुलिस से समन्वय करते हुए बीआरटीएस हटाने की संपूर्ण अवधि में शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था हो। बैरागढ़ से शुरुआत की जाए। संत हिरदाराम नगर में एलीवेटेड कॉरीडोर प्रस्तावित है। इसका काम जल्द शुरू होने वाला है। इसलिए पीडब्ल्यूडी खुद ही इसे तुड़वा देगा।

## अयोध्या में रामभक्तों को दिखेगी केदारनाथ-बदरीनाथ की झलक

### उत्तराखंड सदन के लिए जमीन आवंटित, बिखरेगी लोक संस्कृति की तस्वीर

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में आने वाले राम भक्तों को उत्तराखंड के चारों धामों की भी झलक देखने को मिलेगी। वहां प्रस्तावित उत्तराखंड सदन में राज्य की लोक संस्कृति की तस्वीर उकेरी जाएगी। राज्य सरकार ने पहाड़ी आर्किटेक्चर में निर्माण कराने का फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की ओर से उत्तराखंड राज्य संपत्ति विभाग को एक एकड़ भूमि अयोध्या में उत्तराखंड सदन के लिए आवंटित की है। रामलला के दर्शन को उत्तराखंड से जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस भवन का निर्माण किया जाएगा। ताकि दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आसानी से रियायती दरों पर आवास की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके लिए ऐसे स्थान का चयन किया गया है, जहां से रामलला के दर्शन को पहुंचने में अधिक समय न लगे। सदन से भी श्रीराम मंदिर की ध्वज पताका के दर्शन सीधे हो सकेंगे। इस भवन के



निर्माण में कई खास चीजों का ध्यान रखा जाएगा। रामलला के दर्शन को आने वाले श्रद्धालु जब उत्तराखंड सदन पहुंचेंगे, तो उन्हें वहां चारों धामों की झलक भी देखने को मिलेगी। इसके लिए उत्तराखंड सदन में चारों धामों की कलाकृतियों को भी उकेरा जाएगा। चारों धामों के साथ ही मानसखंड से जुड़े अहम धार्मिक स्थलों की भी झलक दिखेगी।

## हाईकोर्ट ने भोपाल गैस कांड के फैसले पर लगाई रोक

● **पुनर्विचार याचिका के आवेदन पर हुई सुनवाई, अब 19 फरवरी को तय होगी सजा**

**भोपाल।** भोपाल गैस पीड़ितों के इलाज में लापरवाही पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सजा पर फैसला रोक दिया। पुनर्विचार आवेदन पर सुनवाई के बाद सजा पर निर्णय लिया जाएगा। अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। अवमानना के दोषी अधिकारियों ने हाईकोर्ट में पुनर्विचार आवेदन लगाया था। गैस पीड़ितों को उचित इलाज, शोध की व्यवस्था न देने, सुप्रीम कोर्ट के भोपाल गैस पीड़ितों के स्वास्थ्य के मामले में 2012 के आदेश की अवमानना करने पर केंद्र और राज्य सरकार के 9 अधिकारियों पर



केस चलाने का आदेश दिया है। इससे पहले, भोपाल गैस पीड़ितों को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में 17 जनवरी को सुनवाई। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के जस्टिस शील नागू और देवनारायण मिश्र की खंडपीठ ने अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने और न्यायालय की अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 2 के तहत मुकदमा चलाने का आदेश दिया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के सचिव आरती आहूजा, भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ. प्रभा देसिकान, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन एनवायर्नमेंटल हेल्थ के संचालक डॉ. आरआर तिवारी, तत्कालीन मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, अतिरिक्त मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, राज्य सूचना अधिकारी अमर कुमार सिन्हा, एनआईसीएसआई विनोद कुमार विश्वकर्मा और आईसीएमआर भारत सरकार के सीनियर डिप्टी संचालक आर. रामा कृष्णन।

## प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग में होगी सीधी भर्ती

### डॉ. मोहन कैबिनेट का फैसला, आगर मालवा में खुलेगा लॉ कॉलेज

**भोपाल।** डॉ. मोहन यादव मंत्रिमंडल की चौथी बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के भर्ती नियमों में बदलाव किया गया है। विभाग में पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों को अब सीधी भर्ती से भरा जा सकेगा। आगर मालवा में लॉ कॉलेज खुलेगा। बुधवार को कैबिनेट बैठक के बाद डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि जिन गांवों में छोटी बसाहटों की आबादी 100 है, वहां भी पीएम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण किया जाएगा। छोटी बसाहटों में जिन आदिवासियों के पास घर नहीं हैं, उन्हें पीएम जन मन योजना के तहत मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी। 981 संपर्क विहीन बसाहटों में 2403 किमी लंबाई के 978 मार्ग और 50 पुल बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। सौ तक की आबादी वाले गांवों में



सड़क और मकानों पर तीन साल में 2454 करोड़ खर्च होंगे। हर साल 800 से 900 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना में उन आदिवासियों के मकान भी बनाए जाएंगे, जो पीएम आवास योजना का लाभ नहीं पा सके हैं। सभी कामों के लिए 4604 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया जा रहा है। कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत अलग-अलग कार्यों के लिए स्वीकृति दी गई है। इसमें सड़क, भवन, शौचालय समेत अन्य सुविधाएं दिया जाना शामिल है। योजना में केंद्र सरकार की ओर से 60 प्रतिशत और राज्य शासन की ओर से 40 प्रतिशत राशि दिए जाने का प्रावधान है। मोहन कैबिनेट ने राज्य शासन की ओर से दी जाने वाली राशि के लिए मंजूरी दी है। इसके पहले योजना को लेकर प्रजेंटेशन दिया गया। जिलों में बहुउद्देशीय केंद्र बनाए जाएंगे। 75 करोड़ रुपए प्रति केंद्र की लागत है।

## शहर में लेडी इंजीनियर का खून से लथपथ मिला शव

### एक माह पहले दिल्ली से लौटी थी भोपाल; पति की फ्रांस में चल रही ट्रेनिंग

भोपाल। भोपाल के अशोका गार्डन इलाके में रहने वाली महिला इंजीनियर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह घर के बाथरूम में खून से लथपथ मिली। घटना मंगलवार शाम करीब 7.30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक पूर्वी साहू



(26) पत्नी आशीष साहू अशोका गार्डन स्थित पंत नगर में रहती थीं। यह उनका मायका है, 3 साल पहले उनकी शादी उज्जैन के रहने वाले आशीष से हुई थी। आशीष सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और दिल्ली में सेटल हैं। फिलहाल वह कंपनी की ओर से विशेष ट्रेनिंग के लिए पिछले 6 महीने से फ्रांस में हैं। पूर्वी एक महीने पहले ही दिल्ली से भोपाल लौटी हैं। कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद हाल ही में मायके आई थीं। यहां मंगलवार की शाम को बाथरूम में गई और कुछ देर बाद यहीं उनका शव मिला। उनकी नाक पर चोट के निशान हैं। चेहरे पर भी चोट लगी हैं, परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी मौत बाथरूम में फिसलने से हुई है। पूर्वी के ससुर रामबाबू साहू ने बताया कि बहू पूर्वी नेट लिंक कंपनी मंडीदीप में जॉब कर रही थी।

## सीएम से आईएएस की शिकायत करेंगे केंद्रीय मंत्री कुलस्ते

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अनय द्विवेदी की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शिकायत की बात कही है। इससे जुड़ा मंत्री कुलस्ते का एक वीडियो भी बुधवार को सामने आया है। जिसमें वे कह रहे हैं कि कोई भी अधिकारी अगर सार्वजनिक तौर पर अपमानजनक भाषा कहता है तो उस पर कार्रवाई होगी। मैं मुख्यमंत्री से बात करूंगा। अपमान जनक व्यवहार करने वालों को प्रमुख पदों पर नहीं रहना चाहिए। ऐसे लोगों को ऑफिस का काम दिया जाना चाहिए। चुनाव अपनी जगह है, और हार जीत अपनी जगह है। इस



तरह की बात नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बयान में कई बार दोहराया कि इस तरह का व्यवहार करने वाले को उच्च पद पर नहीं रहना चाहिए। केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के रिश्तेदार अशोक धुर्वे पूर्व विद्युत वितरण क्षेत्र कंपनी में ष्ट्ठरू कमर्शियल, स्टोर और परचेजिंग का काम देख रहे हैं। जबकि आईएएस अनय द्विवेदी पूर्व विद्युत वितरण क्षेत्र कंपनी जबलपुर में मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर हैं। एक मीटिंग में अनय द्विवेदी ने अशोक धुर्वे को काम को लेकर फटकार लगाई थी। जिसकी खबर मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते तक पहुंच गई। इसके बाद उनका बयान सामने आया है।

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी का बड़ा 'प्रण'

### ● 3 रात चौकी पर सिर्फ कंबल बिछाकर सोएंगे पीएम ● खाएंगे सिर्फ फल, राम मंदिर अनुष्ठान के लिए तपस्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर अयोध्या में तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान भी मंगलवार से शुरू हो चुका है। यह 22 जनवरी तक चलेगा। राम मंदिर अभिषेक समारोह के मुख्य यजमान अनिल मिश्रा होंगे। उन्हें 10 अलग-अलग तरीकों से स्नान कराया जाएगा। राम मंदिर के वैदिक पुजारी सुनील लक्ष्मीकांत दीक्षित ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लगभग 150 विद्वान भाग लेंगे। यह प्रार्थना मंगलवार को शुरू हो चुकी है।

22 जनवरी की शाम तक जारी रहेगी। यजमान की शुद्धि के लिए 'प्रायश्चित' प्रार्थना की गई। विष्णु पूजा और गोदान भी किया जाएगा। मूर्ति को साफ करने के बाद इसे मंदिर की ओर ले जाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करनी है। इसके लिए वह 11 दिनों के अनुष्ठान पर हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने खुद ट्रस्ट से



रीति-रिवाजों के बारे में पूछा है। प्रधानमंत्री 11 दिनों से उपवास कर रहे हैं। इस दौरान वह नियमों का पालन कर रहे हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से तीन दिन पहले वह पीएम मोदी बिस्तर पर नहीं सोएंगे। इस दौरान वह कठोर उपवास रखेंगे और केवल फलों का सेवन करेंगे। पीएम मोदी लकड़ी की चौकी या खाट पर सिर्फ कंबल बिछाकर सोएंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्ण व्रत रखेंगे। पीएम मोदी विशिष्ट मंत्रों का जाप करेंगे। जटायुजी की मूर्ति उन सभी लोगों के प्रतीक के रूप में बनाई गई है जिन्होंने मंदिर के लिए बलिदान दिया है। पीएम मोदी खुद उनकी पूजा करेंगे। इसके साथ ही पीएम मोदी मंदिर निर्माण में भूमिका निभाने वाले मजदूरों से भी मुलाकात करेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी रस्में वाराणसी के आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और काशी के मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के नेतृत्व में 121 आचार्यों द्वारा पूरी की जाएंगी। 22 जनवरी को भगवान रामलला के अभिषेक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से अपील की है कि जो भी लोग 22 जनवरी को राम मंदिर अभिषेक समारोह के लिए अयोध्या आने के लिए उत्सुक हैं, उन्हें अपनी सुविधा के अनुसार बाद में आना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### टाउन हॉल में हनुमान लीला की प्रस्तुति अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में

**सीहोर (निप्र)।** सीहोर के टाउन हॉल में हनुमान लीला का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा भगवान श्री हनुमान जी विभिन्न लीलाओं के मार्मिक दृश्य पर आधारित अनेक दृश्यों की प्रस्तुति दी गई। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सीहोर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

### सलकनपुर में रामलीला की प्रस्तुति एवं मनकामेश्वर मंदिर में दीप प्रज्वलन

**सीहोर (निप्र)।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सीहोर के मनकामेश्वर मंदिर में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूरे मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित कर रखे गए। सलकनपुर में भी संस्कृति विभाग द्वारा रामलीला प्रस्तुत की जा रही है।

### जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का हुआ निराकरण

**रायसेन (निप्र)।** नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह और एसडीएम श्री मुकेश सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के पक्के मकान का सपना पूर्ण कर दिखाया - हितग्राही श्री दिमान

**विदिशा (निप्र)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही स्वयं आगे आकर अपनी कहानी अपनी जुबानी सुना रहे हैं। ऐसी ही एक कहानी है जनपद पंचायत लटेरी की ग्राम पंचायत जमोनिया कला के रहवासी श्री दिमान जी की। वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई आवास योजना ग्रामीण ने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब हितग्राहियों का पक्के मकान का सपना पूरा कर दिखाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना तहत आज उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है। पूर्व में वह कच्चे , खपरैल और टीनन वाले मकान में निवास करते थे। बारिश और सर्दी के मौसम में कच्चे मकान में पूरे परिवार को बहुत परेशानियों को सामना करना पड़ता था। बरसात में अत्यधिक परेशानी होती थी। लेकिन जैसे ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी लगी तो उन्होंने ग्राम पंचायत में इसकी जानकारी प्राप्त कर आवेदन किया और आज उनका पक्का मकान बनाकर तैयार हो गया है। पक्की छत मिल जाने पर हितग्राही श्री दिमान जी ने प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया है।

### जनसुनवाई कार्यक्रम में 57 आवेदन प्राप्त हुए, 33 का मौके पर समाधान

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 57 आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया है। कलेक्ट्रेट के भूतल स्थिति सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर सहित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर 33 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

# सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के निराकरणों पर जोर दें अधिकारी: जिपं सीईओ डॉ भरसट



**विदिशा (निप्र)।** जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने आज लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान विभागों के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा है कि सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य फोरम से प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण पर विशेष जोर दें ताकि विदिशा जिला प्रदेश स्तरीय रैकिंग सूची में पिछड ना पाए। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति सीएम हेल्पलाइन के निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को पृथक से समाधान संबंधी कार्यो का संपादन किया जाए। कलेक्टेऊट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर द्वय श्री राजेश गुप्ता, श्री विष्णु प्रसाद यादव के अलावा, विभिन्न विभागो के जिलाधिकीर मौजूद रहें, वहीं एसडीएम व खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिग के माध्यम से समीक्षा अवधि के दौरान संवाद किया गया है। बैठक में बताया गया कि दिसम्बर माह के अधिक से अधिक आवेदन निराकृत किए जाएं ताकि रैंकिंग सूची हेतु परसन्टेज जुड सकें। मंगलवार 16 जनवरी तक जिले में कुल 12491 सीएम हेल्पलाइन के आवेदन लंबित है जिसमें से एल वन स्तर पर 3779, एल टू पर 973, एल थ्री पर 6644 व एल फोर स्तर पर 1095 आवेदन लंबित है। दिसम्बर माह के कुल 2434 आवेदन लंबित है जिसमें से एल वन के 719, एल टू के 534, एल थ्री के 1015 व एल फोर के 166 शामिल है। प्रदेश स्तरीय रैकिंग दिसम्बर माह के आवेदनों के निराकरण आधार पर जारी होगी अतः ऐसे विभाग जिनके दिसम्बर माह के आवेदन लंबित है वे विशेष पहल कर उनका निराकरण कराना सुनिश्चित करें। जिपं सीईओ डॉ भरसट ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के निराकरण मामलो में हरेक विभाग का आवेदनो के निराकरण का संतुष्टि प्रतिशत कम से कम 40 प्रतिशत हो। इससे कम प्रतिशत होने पर विभाग की ग्रेडिंग सूची प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि विभागो के जिलाधिकारी आवेदकों से एल वन स्तर पर ही सम्पर्क करें ताकि जिला स्तर पर ही उसका समाधान हो सकें और वह शिकायत एल-टू, एल थ्री, एल फोर पर जम्प ना करें। इस दौरान बतलाया गया कि जिले में पचास दिवस से अधिक के 10826 सीएम हेल्पलाइन लंबित है जिसमें सर्वाधिक 5491 शिकायते महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित है। अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने सीएम हेल्पलाइन, जन सुनवाई कार्यक्रम और समाधान ऑन लाइन से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु अनुविभाग स्तर पर विशेष पहल सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश एसडीएमों को दिए गए है। उन्होंने कहा कि हरेक एसडीएम अपने स्तर पर पृथक-पृथक बैठक आहूत करें और आवेदकों को इन बैठकों में आमंत्रित किया जाए ताकि निराकरण की पहल अनुविभाग स्तर पर ही पूरी हो सकें।



### आबकारी विभाग द्वारा लगभग तीन करोड़ रू मूल्य की जप्तशुदा मदिरा और लाहन का किया गया नष्टीकरण

**रायसेन (निप्र)।** रायसेन जिले में पंजीबद्ध न्यायालयीन/अज्ञात प्रकरणों एवं सक्षम न्यायालयों से निराकृत प्रकरण वर्ष 2018 से जिनमें मदिरा विनष्टीकरण की कार्यवाही नहीं हुई थी। इस तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा जिले के समस्त वृत्तों में संग्रहित, निर्णित प्रकरणों की मदिरा का नष्टीकरण करने हेतु समिति गठित की गई। इस नष्टीकरण समिति के सदस्य तहसीलदार रायसेन श्री नरेश सिंह राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रायसेन श्री मोहन सारवान, सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती वंदना पाण्डेय, सहायक जिला आबकारी रायसेन श्री सुदीप तोमर सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में 16 जनवरी को ग्राम पठारी स्थित शासकीय भूमि पर मप्र आबकारी अधिनियम 1915 अंतर्गत कायम लावारिस प्रकरण 449 और माननीय न्यायालय से धारा 34 के निराकृत 245 प्रकरण इस प्रकार कुल 694 प्रकरणों में देशी मदिरा 1093.22 बल्क लीटर, विदेश मदिरा 708.14 बल्क लीटर, कच्ची हाथ भट्टी मदिरा 9509 लीटर एवं लाहन 283745 किग्रा के सेम्पल का विनष्टीकरण भूमि पर फैलाकर विधिवत रोडरोलर चलवाकर नष्ट किया गया। इस नष्टीकरण मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग तीन करोड़ 10 लाख 26 हजार 900 रू आंकलित है।



### वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र मिलने से खुश हैं श्रीमती विमला बाई

**रायसेन (निप्र)।** रायसेन नगर के वार्ड नम्बर-13 निवासी श्रीमती विमला बाई पत्नी श्री विष्णु प्रसाद वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र मिलने से खुश हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे द्वारा श्रीमती विमला बाई को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। श्रीमती विमला बाई ने गत मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे को आवेदन देते हुए बताया था कि उसे वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिली हैं। कलेक्टर श्री दुबे ने जनसुनवाई में सामाजिक न्याय विभाग के प्रशासनिक अधिकारी श्री बृजेन्द्र शर्मा को इस संबंध में निर्देश दिए थे। जिनके परिपालन में एक सप्ताह के भीतर ही आवश्यक कार्यवाही करते हुए श्रीमती विमला बाई को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण करते हुए स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। श्रीमती विमला बाई ने कलेक्टर श्री दुबे तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि आगामी माह से वृद्धावस्था पेंशन मिलने लगेगी, जिससे वह बेहद खुश हैं।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान कराएं : कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

**गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाए**



**नर्मदापुरम (निप्र)।** सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओ से व्यक्तिगत गत चर्चा कर उनका संतुष्टिपूर्वक समाधान कराएं। भुगतान संबंधी शिकायतों का भी समुचित निराकरण किया जाए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और वित्त विभाग को शिकायतों के निराकरण में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए । उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा कर सभी विभागों द्वारा किए कार्यों की जानकारी ली। कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, ग्राउंड का समतलीकरण, अतिथियों की बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, झाकियों का प्रदर्शन इत्यादि की आवश्यक तैयारियां समयसीमा में करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं पर केंद्रित आकर्षक झाकियों का प्रदर्शन किया जाएं। बताया गया कि 24 जनवरी को पुलिस लाइन नर्मदापुरम में गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल की जाएगी। 26 जनवरी सांय को पर्यटन घाट पर 7:30 बजे से भारत पर्व का आयोजन किया जायेगा। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में संबंधित विभागों के अधिकारियों को 16 जनवरी से 22 जनवरी तक शासन के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वह अपने क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करें। कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 19 जनवरी से 21 जनवरी तक सेठानी घाट पर शाम 6:00 बजे से श्री रामचरित लीला समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम एवं जिला पंचायत को कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सीहोर में होंगे कार्यक्रम

**नर्मदा घाटो व मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन होगा**



**सीहोर (निप्र)।** धार्मिक नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को ध्यान मे रखकर सीहोर जिले में भी 22 जनवरी तक गरिमा पूर्वक रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी आयोजन गरिमामय ढंग से आयोजित किए जाने तथा जिले में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव धूमधाम से मनाए जाने के उद्देश्य से कलेक्टर सभाकक्ष में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संस्था प्रमुखों, पुजारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह ने कहा कि जिले में 22 जनवरी तक सभी कार्यक्रामें का भव्य एवं गरिमामय आयोजन के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री तन्मय वर्मा एवं मनीष शर्मा ने जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

**जिले में यह होंगे कार्यक्रम :** जिले में 21 जनवरी 2024 तक श्रीरामचरित्र लीला समारोह सीहोर जिले में टाउन हॉल सीहोर एवं सलकनपुर मंदिर, सभी नगरों एवं गाँवों में विशेष सफाई अभियान और सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेज में साज-सज्जा कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसी तरह 22 जनवरी तक सीहोर जिले के जिन स्थानों पर रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख मार्ग पर स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्ग से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान एवं स्वागत, सीहोर जिले के सभी ग्रामों एवं नगर के सभी वार्डो में सुंदरकाण्ड तथा रामचरित्र मानस एवं अखण्ड रामायण पाठ और भजन कीर्तन, रंगोली माण्डना, कलश यात्रा, प्रत्येक मंदिर में जनसहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन, द्वीप प्रज्जवलन हर घर में द्वीपोंत्सव के लिए आमजन को जागृत करना।16 से 22 जनवरी सभी नगरों के मोहल्लों में तथा ग्रामों में स्थानीय कार्यक्रम राम मंडलियों के कार्यक्रमों का आयोजन, प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि, भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन किया जायेगा। इसके पश्चात 16 से 21 जनवरी एक सप्ताह प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। 21 एवं 22 जनवरी को बुधनी अनुविभाग के घाट पर दीप दान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### चना व गेहूँ फसल की सुरक्षा के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव आवश्यक

**सीहोर (निप्र)।** विगत एक सप्ताह से मौसम में परिवर्तन होने के कारण रबी मौसम की प्रमुख फसलें गेहूॅ एवं चना फसल में रोग व कीटो के प्रकोप की पूरी संभावना बनी हुई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भैरूंदा, आष्टा, सीहोर व इछावर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में कृषि विकास विभाग के मैदानी अमले एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों के खेतों का भ्रमण करके फसलों में आने वाली समस्याओं से रूबरू कराते हुये उनके बेहतर उपायों से कृषको को अवगत कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा बताया गया कि चना फसल वर्तमान समय में पुष्पन, फलन वाली अवस्था पर है। इस अवस्था में मौसम में परिवर्तन जैसे दिन में न्यूनतम तापमान, हल्की बारिश होने के कारण पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सुचारू रूप से न होने के कारण चना फसल में पुष्पन प्रभावित होने के साथ-साथ फसल के पुष्प भी पीले पडकर सूख रहे है। जिसके चलते फसल में आर्थिक नुकसान होने की पूरी संभावना है और साथ ही फसल में चने की सुण्डी इल्ली के साथ-साथ उकटा व जड-सडन रोग के प्रकोप के कारण भी फसल सूख रही है। किसान भाईयो को सलाह है कि चना फसल की सुरक्षा के लिए इमामेक्टिन बेन्जोएट + प्रोफेनोफास 200 ग्राम/एकड या क्लोरोइन्ट्रानिलीप्रोल + लेम्ब्डासाइलोथ्रिन 80 मिली/एकड के साथ फ्लूपायराक्साइड + पायरोक्लोरोस्ट्रोबिन 150 मिली/एकड या एजोक्सीस्ट्रोबिन + टेबूकोनोजोल 150 मिली/एकड के साथ एनःपीःके 19:19:19, 1 किग्रा/एकड से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करे।



### विधायक श्री पटवा और प्रभारी अधिकारी श्री प्रोवश रंजन मण्डीदीप और सलकनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में हुए शामिल

**रायसेन (निप्र)।** रायसेन जिले के मंडीदीप नगर पालिका के सतलापुर और ग्राम पंचायत सलकनी में भोजपुर विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें भारत सरकार द्वारा नियुक्त जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी अधिकारी श्री प्रोवश रंजन विश्वास आईओएएस आर्थिक कार्य विभाग भारत सरकार भी शामिल हुए। विधायक श्री पटवा द्वारा उपस्थित जनसमूह से कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं, गरीबों, किसानों, युवाओं सहित प्रत्येक वर्ग के लिए चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही हैं। इस दौरान शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं के हितलाभ दिए जा रहे हैं। साथ ही नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे आवेदन भी लिए जा रहे हैं, जिससे कि पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्वनिधि योजना सहित अनेक योजनाओं और विकास कार्यो का उल्लेख किया। विधायक श्री पटवा ने शिविर में अनेक हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं के हितलाभ स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों को वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प भी दिलाया।

### आदिवासी समुदाय के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए शुरू की गई है पीएम जनमन योजना: विधायक डॉ चौधरी

**कायमपुर में प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न**



**रायसेन (निप्र)।** सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जमुनिया के ग्राम कायमपुर में आयोजित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) कार्यक्रम और विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के लाभार्थियों से संवाद तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन का लाईव प्रसारण भी देखा गया।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री अरविंद दुबे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। विधायक डॉ चौधरी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा आदिवासी समुदाय के आर्थिक-सामाजिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) शुरू किया गया है, जिसमें सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव गांव तक सडक, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज गांव तक मोबाइल मेडीकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका एवं दूरदराज गांव तक मोबाइल नेटवर्क आदि सुविधाएं प्रदान करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उनका आर्थिक विकास और कल्याण किया जा रहा है। विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अति पिछड़े बेगा, सहरिया और भारिया जनजाति के नागरिकों के कल्याण और विकास के लिए शुरू की गई है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

प्रधानमंत्री जनमन योजना में यहां से सहरिया जनजाति के 30 परिवार शामिल हैं। इन 30 परिवारों को आज पक्का मकान बनाने के लिए बैंक खाते में अभी 50-50 हजार रू की किश्त डाली गई है। इन परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। विधायक डॉ चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है कि सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिलेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी भी ग्राम पंचायतों और नगरों में पहुंच रही है। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही जो व्यक्ति योजनाओं के लाभ से शेष रह गए हैं, उनसे आवेदन भी लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गरीबों के पक्के मकान बनाए गए। आयुष्मान कार्ड से एक साल में निजी अस्पतालों में पांच लाख रू तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा दी गई है। गरीबों को निःशुल्क अनाज मिल रहा है। किसानों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 06 हजार रू और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 06 हजार रू इस प्रकार कुल 12 हजार रू की राशि हर साल दी जा रही है। स्कूलों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क किताबें, गणवेश, साईकिल प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत बहनों को 1250 रू हर महीने प्रदान किए जा रहे हैं। विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। उन्होंने लगभग 100 करोड़ रू की योजना से 25 गॉवों को जल जीवन मिशन से जोड़ा है, जिसमें कायमपुर भी शामिल है। योजना के तहत इन गॉवों में हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल दिया जाएगा। आज कायमपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिला प्रशासन, सभी विभागों के अधिकारी आए हैं। जो भी नागरिक योजनाओं का लाभ लेने से छूट गए हैं, वह यहां आवेदन करें। जिससे कि पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिया जा सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने प्रधानमंत्री जनमन योजना और विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में जानकारी दी।

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...
इंदौर पाती
इंदौर, गुरुवार 18 जनवरी, 2024


## चित्रकूट का विकास अयोध्या की तरह किया जाएगा : सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंत्रालय में हुई मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में चित्रकूट में कल 16 जनवरी को श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास की पहली बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि राम वन पथ गमन के विकास की कार्य योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। प्रथम चरण में पथ के अयोध्या से चित्रकूट तक के विकास के लिए मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में गतिविधियां संचालित की जायेंगी। पांच विशेषज्ञों की समिति बनाकर कार्य आरंभ किया जाएगा, जो क्षेत्र चिह्नित है वहां पहले कार्य आरंभ होगा और चित्रकूट का विकास अयोध्या की तरह किया जायेगा।

## नकल शाखा में पैसे माँगने वाली क्लर्क को किया नौकरी से बर्खास्त

**इंदौर।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध जिला प्रशासन का कड़ा रुख रहेगा। इस बात को प्रत्यक्ष रूप देते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने नकल शाखा में आवेदक से अनुचित पैसे मांगने पर क्लर्क श्रीमती रेखा पाटील को तत्काल प्रभाव से नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। अपर कलेक्टर एवं उपाध्यक्ष समाधान समिति कलेक्ट्रेट इंदौर के आदेश से 27 अप्रैल 2013 को श्रीमती रेखा पाटिल, कम्प्यूटर ऑपरेटर को तहसील जूनी इंदौर में अस्थाई रूप से कार्य करने हेतु आदेशित किया गया था। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें श्रीमती रेखा पाटिल द्वारा आवेदक से पैसों की अनुचित मांग की जा रही है। यह कृत्य शासन एवं प्रशासन के नैतिक दायित्वों के प्रतिकूल है जिसको दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा तहसील जूनी इंदौर में कार्यरत श्रीमती रेखा पाटिल की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

## गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय भवनों व स्मारकों पर की जाएगी रोशनी

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के समस्त शासकीय भवनों व राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर 21 जनवरी से 26 जनवरी तक रोशनी की जाएगी। इस व्यवस्था पर होने वाला व्यय संबंधित प्रशासकीय विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।

## 'आंखन देखी-कानन सुनी' कार्यक्रम आज

**इंदौर।** 1992 के श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौर के साक्षी रहे वरिष्ठ पत्रकार और छायाकार इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम %आंखन देखी-कानन सुनी% में अपने अनुभव साझा करेंगे। यह आयोजन आज इंदौर प्रेस क्लब में 18 जनवरी को दोपहर 1 बजे रखा गया है। कार्यक्रम समन्वयक मुकेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकुमार अष्ठाना करेंगे तथा अतिथि वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश हिंदुस्तानी, कीर्ति राणा, हेमन्त शर्मा, दिनेश सोलंकी और वरिष्ठ छायाकार दिलीप लोकरे रहेंगे। विषय प्रवर्तन इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी करेंगे। इस अवसर पर डॉ. अर्पण जैन अविचल द्वारा रचित गीत %अवध में आ गए रघुराई% का लोकार्पण भी किया जाएगा।

## कांच फोड़कर कार से बैग चुराया

**इंदौर।** मैरिज गार्डन के सामने कार का कांच फोड़कर बदमाश कारोबारी का रुपयों से भरा बैग चुरा ले गए। फरियादी राजेश विजयवर्गीय निवासी कनाडिया मेन रोड की शिकायत पर चंदन नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि वह वह सुरुचि गार्डन में कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम से बाहर निकले तो उनकी कार के कांच फूटे हुए मिले। कार में लेदर बैग रखा था, जिसमें रजिस्ट्रेशन कार्ड, निजी दस्तावेज व पैसे रखे थे।

# मप्र ग्रामीण बैंक प्रबंधन की हठधर्मिता के चलते एक्स स्टाफ संगठन का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा

## सदस्य भगवत सिंह गौंड पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला

**इंदौर।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के एक्स स्टाफ संगठन के धरना पर बैठे सदस्य भगवत सिंह गौंड को धारदार हथियार से गोदा। संगठन के अध्यक्ष एवं महासचिव यशपाल सिंह जाट व बी डी तिवारी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया कि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबंधन की हठधर्मिता, भेदभावपुर्ण एवं पक्षपात तरीके से कार्य करने की नीति के कारण संगठन की 4 प्रमुख मांगे; ग्रेच्युटी का भुगतान, अर्जित अवकाश नगदीकरण भुगतान, अनुकम्पा भत्ता का भुगतान और स्वेच्छिक सेवानिवृत सदस्यों को पेंशन का भुगतान नहीं करने कारण संगठन को धरना देने के लिए विवश होना पड़ा।संगठन का दुसरे दिन का धरना शांतिपूर्वक सम्पन्न होने के बाद रात्रि में धरना स्थल पर टेंट में 6 सदस्य सोये हुए थे। रात्रि में जब भगवत सिंह गौंड लगभग 2.45 बजे के आसपास शौच के लिए गया था तो उसे 3 बाइक सवारों ने घेर कर उसका पर्स छीन लिया और श्री गौंड के उपर धारदार हथियार से उसके गाल और गर्दन पर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे वह गम्भीर रुप से घयल हो



गया। यहाँ उल्लेखनीय है कि भगवत सिंह गौंड कार्यालय सहायक जो जबलपुर क्षेत्र की शाखा दशरमन में पदस्थ था जिसे बैंक ने जानबूझकर उसके जायज सेवांत लाभ का भुगतान नहीं किया जिसके कारण गौंड को धरने में सम्मिलित होना पड़ा। वहीं बैंक प्रबंधन संगठन को दिनांक 26.03.2021 से वार्ता एवं लिखित में वह कहता रहा है कि बैंक के केवल कर्मचारी (कार्यालय सहायक/परिचर) ही ग्रेच्युटी के लिए पात्र है लेकिन बैंक प्रबंधन ने संगठन के द्वारा कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के बाद केवल अपने चहेते, सजातीय



नजदीकी कर्मचारी को पक्षपात के चलते सुनील दत्त शर्मा एव छोटे लाल यादव को ग्रेच्युटी का भुगतान किया और बैंक के 9 कर्मचारियों को आज तक ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया। यदि इन्हें भुगतान कर दिया होता तो भगवत सिंह गौंड धरना में सम्मिलित नहीं होता और उसके साथ यह प्राणघातक घटना घटित नहीं हुई होती। उन्होंने इस घटना के लिए केवल बैंक चेयरमैन सुनील शर्मा और मानव संसाधन के एजीएम दिनेश महाजन को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी बताया है। विदित हो कि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के एक्स स्टाफ संगठन के अनिश्चितकालीन धरने में संगठन के 23 सदस्यों ने भाग लिया और धरने का तीसरा दिन भी शांतिपूर्वक जारी रहा जिसमें 25 सदस्य धरना स्थल पर बैठे।

# कांग्रेस पार्टी की आवश्यक बैठक गांधी भवन में आयोजित हुई

**● राहुल गांधी की न्याय यात्रा, डोनेट फॉर देश, वोटर लिस्ट में संशोधन एवं 18 से 24 जनवरी तक हर विधानसभा में लोकसभा की चुनाव की तैयारी को लेकर सम्मेलन आयोजित करने की चर्चा हुई ● 22 जनवरी को शाम 4 :00 बजे गांधी भवन में सुंदरकांड का आयोजन एवं 7 : 00 बजे पंढरीनाथ मंदिर पर महाआरती का आयोजन होगा : सुरजीत सिंह चड्ढा**

**इंदौर।** दिनांक 17 जनवरी को शहर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में कांग्रेस पार्टी की एक अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसको नवनियुक्त इंदौर लोकसभा चुनाव प्रभारी बाला बच्चन जी ने संबोधित किया। इस अवसर पर बाला बच्चन जी ने कहा कि समय परिवर्तनशील है सहिष्णुता व सद्भाव ही शाश्वत है कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। प्राण पण से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएँ, जनता जनार्दन का विश्वास कांग्रेस को पुनः प्राप्त होगा। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस ने अपने जीवन में न जाने कितने उतार चढ़ाव देखे हैं और पुनः सफलताएं अर्जित की है विकट दौर में हम पुनः सफल होंगे।

बाला बच्चन ने कहा कि अयोध्या जाना, पूजा अर्चना, रोशनी, सुंदरकांड, प्रसाद वितरण आदि के लिए सभी कांग्रेसजन अपनी धार्मिक आस्थाओं के अनुसार स्वतंत्र हे। कांग्रेस सर्वधर्म सद्भाव के विचारधारा पर विश्वास करती है। सभी धर्म के अनुयायी अपने धर्म का पालन करने हेतु स्वतंत्र है। 18 से 24 जनवरी तक हर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर एक सम्मेलन आयोजित किया जाना है जिसके तहत हर विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा के मध्यप्रदेश में प्रवेश पर भव्य स्वागत किया जाएगा। वोटर लिस्ट में संशोधन प्रक्रिया चल रही है इसके लिए श्री बच्चन ने सभी ब्लॉक मंडल एवं सेक्टर प्रभारी को इस कार्य को जिम्मेदारी पूर्वक निभाने की बात कही है। डोनेट फॉर देश के तहत सभी कांग्रेस कार्यकर्ता नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने हिसाब से योगदान देने की अपील की।

बैठक में इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा ने कहा कि बाला बच्चन जमीनी नेता है और वह इंदौर के मिजाज को अच्छी तरह से जानते हैं। इनके नेतृत्व में हम लोकसभा चुनाव ताकत से लड़ेंगे। श्री चड्ढा ने इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी जल्द बनाने की बात कही जिसके लिए उन्हें उन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं से नाम देने को कहा। आगे कहा कि कार्यकारिणी में सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाएगा। जो ब्लॉक, मंडलम एवं सेक्टर प्रभारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पा रहा है उनकी जगह पर नई नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया 22 जनवरी के दिन शाम 4ः00 बजे कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के नीचे सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ पंढरीनाथ मंदिर पर महाआरती का आयोजन होगा। बैठक में पिंटू जोशी, रीना सेतिया, चिंटू चौकसे, अरविंद बागड़ी, सोहराब पटेल, देवेंद्र सिंह यादव, राजेश चौकसे, रीता डांगरे, सुदामा चौधरी ने अपनी बात रखी। बैठक का संचालन शहर कांग्रेस के संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह रघुवंशी में किया एवं आभार पार्षद श्रीमती सोनीला मिमरोट ने माना।

# फ्लेट का ताला तोड़ लाखों की चोरी करने वाले बदमाश तथा चोरी का माल ख़रीदने वाला सुनार भी गिरफ्तार

**आरोपियों से कुल 11 लाख का चोरी का माल बरामद**

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में दिनांक 13.01.2024 को अज्ञात बदमाश द्वारा आर. आर. गोयल के फ्लैट नं. 304 नव रेजेंसी मनोरमागंज इंदौर में फ्लैट का ताला तोड़कर अलमारियों में रखे सोने-चाँदी के आभूषण, सोने का बिस्किट एवं नगदी रूपये किशोरी की चोरी की गई थी। प्रकरण को धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध किया गया है। विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम ने एफ.एस.एल. एवं फिंगर प्रिंट की टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल की टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन व मजबूत सूचनातंत्र के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले संदेही के बारे में जानकारी मिली। जिस पर टीम ने आरोपी कुंदन सिंह सिकलीगर उम्र 23 साल निवासी 761 आकाश नगर द्वारकापुरी इन्दौर को गिरफ्त में लिया। पूछताछ पर आरोपी ने साथी समित सिकलीगर के साथ मिलकर घटना करना बताया एवं उसके हिस्से में आया चोरी का माल सुनार हेमेन्द्र पांडे निवासी द्वारकापुरी इन्दौर को बेचना बताया जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी सुनार को भी गिरफ्त में लेकर 104 ग्राम सोने का बिस्किट व सोने की अगुठी को जब्त किया। आरोपी कुन्दन से नगदी 95000/- रुपये भी जब्त किये गये। प्रकरण में कुल लगभग 8 लाख रुपये के माल की बरामदगी की गई। प्रकरण में अन्य आरोपी सुमित की तलाश की जा रही है, जिससे और बरामदगी आदि के संबंध में आरोपी कुंदन से पूछताछ की जा रही है।

आरोपी कुंदन आदतन अपराधी हैं जिसके विरुद्ध शहर सहित अन्य राज्यों में भी कई आपराधिक मामले की जानकारी मिली है जिसकी जांच की जा रही है। प्रकरण में विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

एक अन्य प्रकरण में दिनांक 13.01.2024 को आरोपी लखन हंसारिया उम्र 36 साल निवासी लालाराम नगर इन्दौर को पकड़ा जाकर उसके कब्जे से चोरी किये गए सोने - चाँदी के जेवरात किमती करीबन 300000/- रूपये के मश्रुका को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। इस प्रकार पिछले चार- पाँच दिन में पलासिया थाने की टीम द्वारा कुल 11 लाख चोरी का माल बरामद किया है।

# गंदगी में गोली-चॉकलेट बनाने वाली फैक्ट्री की शिकायत के बाद जांच

**● खाद्य पदार्थों के निर्माण कार्य को तत्काल बंद कराया गया**

**इंदौर।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल ने अहिरखेड़ी स्थित प्रतीक ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया। इस फैक्ट्री में गंदगी वाली जगह पर घटिया गोली-चॉकलेट बनाए जाने की सूचना मिली थी। इसे संज्ञान में लेकर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में अत्यधिक गंदगी के बीच खाद्य पदार्थों का संग्रह किया गया है।

जांच दल ने पाया कि कर्मचारियों ने अप्रोन, कैप और ग्लव्स नहीं पहने थे। परिसर में पेस्ट कंट्रोल भी नहीं कराया गया था। परिसर में कच्चा खाद्य पदार्थ एवं तैयार खाद्य पदार्थ अव्यवस्थित तरीके से संग्रहित पाए गए। कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट भी नहीं पाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर खट्टी मीठी गोली, इमली चटनी, चोको चिप्स एवं चटपटी गोली के कुल चार नमूने जांच के लिए गए हैं। उन्हें जांच के लिए खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को प्रेषित किया जाएगा। जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

परिसर में गंदगी एवं अव्यवस्थित तरीकों से खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं संग्रहण पाए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य के हित में खाद्य पदार्थ के निर्माण को तत्काल रूप से बंद कराया गया। साथ ही दूसरी फर्म के लेवल पाए जाने पर तथा उनसे संबंधित कोई दस्तावेज मौके पर नहीं पाए जाने के कारण चांद तारे खट्टे मीठी गोली के 400 पैकेट जब्त किए गए है। खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की कार्रवाई आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

# शहर को 'सोलर सिटी' बनाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक, गंभीरता से प्रयास

**महापौर ने कहा 'ज्यादातर लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा'**

**इंदौर।** शहर के सभी 85 वार्डों, 22 झोन, तालाबों के किनारे, प्रधानमंत्री आवास योजना की बहुमंजिला इमारतों की विशाल छतों पर सौर ऊर्जा पैनल्स लगाई जाएगी। शहर में अगले तीन माह में 40 हजार से ज्यादा परिवारों, बिजली उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में सोलर सिटी के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे। अगले वर्ष दिल्ली से इस विषय में भी पुरस्कार के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। मुझे उम्मीद है कि पर्यावरण हित और बिजली खर्च में कमी के लिए पूरा शहर इस मुहिम में आगे आएगा। शहर सीमा में आए 29 गांवों वाले क्षेत्रों में हाईमास्ट सोलर से चलेंगे। कचरा गाड़ियों से भी सोलर सिटी के लिए आगे आने हेतु गीत, नारों का प्रसारण घर-घर तक किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने कहा कि सोलर यूनिट लगाने से पांच वर्ष में लागत खर्च निकल आती है, साथ ही अगले बीस वर्षों तक बिजली मिलती रहती है। कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए आम लोगों को सोलर एनर्जी को अपनाना चाहिए। दुबे ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़ा



जाएगा। उन्होंने कहा कि सोलर सिटी के लिए बिजली कंपनी मात्र एक दिन में नेट मीटर लगाएगी। नगर निगम की टीम के साथ बिजली कंपनी की टीम जागरूकता अभियान चलाएगी, वार्डों में भी प्रजेंटेशन दिए जाएंगे।

प्रमुख सचिव ने कहा कि सब्सिडी को फ्री-फ्लो किया गया है। पैनल्स लगाने वाले वेंडर्स को पूरी राशि चुकाए, उनके खाते में तय सब्सिडी की राशि मात्र सात दिनों में पहुंच जाएगी। सौर ऊर्जा प्रोत्साहन के लिए सब्सिडी में और बढ़ोतरी होने वाली है, साथ ही बड़ी इमारतों की इजाजत के लिए भी सौर ऊर्जा संयंत्र की अनिवार्यता सुनिश्चित की गई हैं।

मप्रपक्षेविविकं के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने कहा कि शहर में मौजूदा 25 हजार बिजली उपभोक्ताओं को रूफ टॉप सोलर नेट मीटर योजना से अगले तीन माह में जोड़ने के लिए व्यापक अभियान संचालित किया जाएगा। कहा कि शहर में 1400 शासकीय इमारतों पर पैनल्स लगाए जाना हैं। नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह ने कहा कि 1500 वर्ग फीट से ज्यादा के प्लाटों पर नक्शे पास करने के लिए सोलर अपनाने वालों को फीस में 6त्न की रियायत दी जाएगी। इस अवसर पर संभाग आयुक्त माल सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह ने भी विचार रखें। बैठक में मप्रपक्षेविविकं के निदेशक पुनीत दुबे, सचिन तालेवार, अधीक्षण यंत्री सुनील पटौदी, मनोज शर्मा, निगम विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री राकेश अखंड आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मास्टर-की से सूने घरों के ताले खोलने वाला बदमाश पकड़ाया

**रायसेन का लिस्टेड नकबजन गांधीनगर पुलिस के हाथ**

**इंदौर।** शहर में बाहरी जिलों के बदमाश आकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इसी क्रम में गांधीनगर पुलिस ने ऐसे बदमाश को पकड़ा है, जो रायसेन जिले से आकर चोरी की वारदात करता था। वह रैकी के बाद सूने मकानों को ताले तोड़ने की बजाए उन्हें मास्टर चाबी से खोल देता था। सहायक पुलिस आयुक्त रुबीना मिजवानी के अनुसार, फरियादी राधा पति अंकुश जैन निवासी आशुतोष अपार्टमेंट श्रीराम कमल रेसीडेंसी ने 17 अगस्त 2023 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कुछ दिनों से बाहर गई थी। घर पर ताला लगा हुआ था। जब वे घर लौटी, तब भी ताला लगा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखे जेवरात और नकदी गायब थे। बदमाश ने खुद के पास रखी चाबी से ताला खोला था और वारदात के बाद ताला लगाकर चला गया था। पुलिस के लिए इस तरह की वारदात करने वाले को पकड़ना चुनौती पूर्ण था। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धारा 454,380 का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। वारदात करने वाले बदमाश की धरपकड़ के लिए कई प्रयास किए, मगर सफलता नहीं मिल रही थी। घटना के बाद थाना प्रभारी एवं उनकी टीम ने घटना स्थल एवं आसपास के रूट के सीसीटीवी फुटेज एवं नकबजनी के पूर्व अपराधियों का डाटा संग्रह किया।

### हुलिए से पकड़ाया बदमाश

मशक्कत के बाद पुलिस को सूचना मिली कि सीसीटीवी फुटेज से मिलता जुलते हुलिए का युवक पुनः गांधीनगर क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना पर तत्काल टीम को रवाना किया। टीम ने रामकमल रेसीडेंसी क्षेत्र से बाइक क्रमांक एमपी-38/एमक्यू-3785 से जा रहे संदिग्ध को पकड़ा। पकड़े गए युवक ने अपना नाम दुर्गेश लोधी निवासी जयप्रकाश नारायण वार्ड बेगमगंज रायसेन होना बताया। पूछताछ में वह पुलिस को बरगलाने लगा। जब पुलिस ने सख्ती बरती तो उसने फरियादी के घर चोरी करना कबूला। आरोपी पर रायसेन और भोपाल में नकबजनी के कई केस दर्ज हैं।

### एक अन्य भी गिरफ्त में

इसी प्रकार एक अन्य कार्रवाई में जनवरी में हुई नकबजनी के मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी लाखन उर्फ लखन योगी निवासी गांधीनगर को पकड़ा। उसके पास से लाखों का माल जब्त किया है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने किया प्रतीक ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण, प्रतिष्ठान से लिये गये खाद्य पदार्थों के नमूने

**गंदगी पाए जाने पर खाद्य पदार्थों के निर्माण कार्य को तत्काल कराया गया बंद**

**इंदौर।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा मंगलवार को अहिरखेड़ी स्थित प्रतीक ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त प्रतिष्ठान पर गंदगी में गुणवत्ताहीन कन्फेक्शनरी बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसे संज्ञान में लेकर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में अत्यधिक गंदगी के बीच खाद्य पदार्थों का संग्रहण किया गया है। कर्मचारियों ने अप्रोन, कैप और ग्लव्स नहीं पहने थे। परिसर में पेस्ट कंट्रोल भी नहीं कराया गया था। परिसर में कच्चा खाद्य पदार्थ एवं तैयार खाद्य पदार्थ अव?यवस्थित तरीके से संग्रहित पाए गए। कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट भी नहीं पाए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर खट्टी मीठी गोली, इमली चटनी, चोको चिप्स एवं चटपटी गोली के कुल चार नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, जिन्हें जांच हेतु खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को प्रेषित किया जाएगा जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। परिसर में गंदगी एवं अव्यवस्थित तरीकों से खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं संग्रहण पाए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य के हित में खाद्य पदार्थ के निर्माण को तत्काल रूप से बंद कराया गया। साथ ही दूसरी फर्म के लेवल पाए जाने पर तथा उनसे संबंधित कोई दस्तावेज मौके पर नहीं पाए जाने के कारण चांद तारे खट्टे मीठी गोली के 400 पैकेट को जब्त किया गया है। खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की कार्रवाई आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

## खाचरोद में गुरु सप्तमी पर चल समारोह निकला

**खाचरौद (उज्जैन)।** बुधवार को खाचरौद में गुरुदेव श्री राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराज साहब की जन्म जयंती एवं स्वर्गारोहण समारोह पोष सुदी सातम को गुरु सप्तमी के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक चल समारोह राजेंद्र सूरी जैन पोषधशाला से प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुआ जो नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ गुरु राजेंद्र श्री गुरु मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुआ। यहां पर गुरु पूजन, गुरु गुण इक्कीसा, प्रवचन एवं आरती कर समाजजनों ने अपनी श्रद्धा भक्ति का इजहार किया। समाज के युवाओं ने पालकी में विराजित गुरुदेव की प्रतिमा को अपने कंधे पर उठा रखा था जिसकी जुलूस मार्ग पर श्रद्धालुओं ने अक्षत नारियल से गवली की। महेंद्र सागर मसा आत्मवर्धन सागर जी मसा एवं मुनि मंडल की मिश्रा में निकले इस चल समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल छाजेड़, ज्ञानचंद मेहता, रखब गेलड़ा अभा जैन राजेंद्र नवयुवक परिषद, महिला, बालिका, तरुण एवं जयंत ज्योति बहू परिषद के सदस्य अपने विशेष परिधान में तथा समाज के सदस्यों के साथ ही महिलाएं, बालिकाएं युवक एवं युवतियां बड़ी संख्या में सम्मिलित थे। दोपहर में राजेंद्र सूरी विलास मंदिर में आयोजित अष्टप्रकारी पूजन का लाभ पारसमल मांगीलाल मेहता परिवार ने लिया।

दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, गुरुवार 18 जनवरी, 2024

# संपादकीय

## राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें बढ़ेंगी !

आखिरकार मालदीव सरकार ने भारतीय सैनिकों की वापसी का दिन तय कर दिया है। हालांकि नवंबर में पदभार संभालने के साथ ही राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की अपील की थी। इस संबंध में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच मंथन चल रहा था। मगर चीन यात्रा से वापस लौटते ही मुइज्जू ने बड़े तीखे अंदाज में कह दिया कि भारत अगले दो महीनों के भीतर अपने सैनिक वापस बुला ले। इसे लेकर दोनों देशों की उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई और आम सहमति भी बन गई बताया जा रहा है। मगर अभी यह तय नहीं हो सका है कि जिस काम के लिए भारतीय सैनिक वहां तैनात किए गए थे, वह काम कैसे संचालित होगा। गौरतलब है कि फिलहाल वहां अट्ठासी भारतीय सैनिक तैनात हैं, जो भारत द्वारा मालदीव को उपहार में दिए समुद्री गश्ती विमानों और दो हेलीकाप्टरों का संचालन करते हैं। इसके अलावा चिकित्सा सेवाएं और मालदीव के सैनिकों को युद्धक विमान आदि उड़ाने का प्रशिक्षण देते हैं। इस फैसले से भारत को कम, मालदीव को अधिक नुकसान होने वाला है। मगर वर्तमान राष्ट्रपति मुइज्जू का झुकाव चीन की तरफ है और उन्हें भरोसा है कि उनकी आर्थिक जरूरतें चीन से पूरी हो जाएंगी। चीन दौरे के वक्त उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण समझौते भी किए हैं।

मालदीव से भारत का बहुत पुराना संबंध है। हर मुश्किल के वक्त भारत ने उसका साथ दिया है। इसलिए मुइज्जू से पहले वहां के सभी शासक भारत के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखते रहे हैं। मगर मुइज्जू की पार्टी पिछले चुनाव में भारत को मालदीव से बाहर निकालने के नारे के साथ मैदान



में उतरी थी। उसे कामयाबी मिली और मुइज्जू राष्ट्रपति बने तो उन्होंने दावा किया कि उनके भारत को बाहर निकालने के वादे को जनमत ने स्वीकार किया है, इसलिए उससे मुक्ति पाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले दिनों जब मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री की लक्षद्वीप यात्रा के समय अपमानजनक टिप्पणियां कीं, तब दोनों देशों के बीच रिश्तों में तल्खी बढ़ गई। हालांकि मालदीव सरकार ने उन मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया, पर वह खलिश शायद बनी हुई थी। भारतीय सैनिकों के वहां से वापस लौटने के बाद भारत को सामरिक सुरक्षा के मामले में कुछ चुनौतियां जरूर पेश आ सकती हैं। मालदीव चूंकि भौगोलिक रूप से भारत के बहुत नजदीक है और वहां भारत का रडार होने से उस क्षेत्र में निगरानी रखना आसान था। अब भारत को इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ेगी। मगर भारत से टकराव मोल लेकर होने वाले नुकसान की भरपाई मालदीव कैसे कर पाएगा, कहना मुश्किल है। मालदीव में अब भी बहुत सारे लोग राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत-विरोधी नीति के खिलाफ हैं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि राष्ट्रपति बनने से पहले वे जिस माले के मेयर थे, उस सीट पर हुए चुनाव में लोगों ने उनकी पार्टी के प्रत्याशी को हरा दिया और भारत समर्थक मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार को मेयर चुना है।

फिर, मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है, जिस तरह श्रीलंका की टिकी है। मालदीव जाने वाले सैलानियों में सबसे अधिक संख्या भारत के लोगों की होती है। श्रीलंका ने चीन का दामन थाम कर नतीजा देख लिया है। मगर मालदीव ने उससे सबक नहीं लिया। चीन कहीं उसका हाल भी श्रीलंका जैसा न कर दे। चीन से दोस्ती करके भारत के अलावा अमेरिका, फ्रांस आदि देशों से भी उसने दुश्मनी मोल ले ली है।

## सोशल मीडिया से...



22 जनवरी के समारोह के समापन के पश्चात श्रीराम लला के दर्शन सहजता और आराम के साथ लिए जा सकेंगे। मेरा अयोध्या आने का कार्यक्रम है। उस समय श्रद्धा के साथ श्री राम लला जी के दर्शन करूंगा। तब तक राम मंदिर का निर्माण भी पूरा हो चुका होगा।

**शरद पवार,** एनसीपी चीफ



किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री उप्र



दिल्ली के एयरपोर्ट के रनवे 29 को भी शुरू किया जाएगा।दिल्ली एयरपोर्ट का यह सबसे पुराना रनवे है। पिछले साल जी-20 समिट के दौरान शुरू किया गया था। उसके बाद मेंटेनेंस की वजह से बंद कर दिया गया था। इस रनवे पर घने कोहरे की स्थिति में भी फ्लाइट ऑपरेट किए जा सकेंगे।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया** केंद्रीय मंत्री



आज एक बार फिर देश का किसान चिंतित है। किसान संगठन फिर से आंदोलन की राह पर हैं। क्योंकि, किसान आंदोलन के समय किसान संगठनों और सरकार के बीच एमएसपी गारंटी और किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने आदि का जो समझौता हुआ था उसे भी सरकार ने नहीं माना।

**दीपेंद्र हुड्डा,** सांसद

## आज का कार्टून




## भारत के भाग्य का नया सूर्योदय है राम मंदिर का निर्माण

मंदिर निर्माण के न केवल धार्मिक व सांस्कृतिक बल्कि अनेक अन्य पहलू भी हैं जिसमें सामाजिक और आर्थिक प्रमुख हैं। मंदिर से न केवल सामाजिक समरसता बढ़ेगी बल्कि आर्थिक संवर्धन भी होगा। अयोध्या हिन्दुओं का तीर्थस्थल पहले से है, लेकिन राम मंदिर निर्माण के बाद इसका दर्जा भी अमरनाथ जैसी तीर्थ यात्राओं जैसा हो जाएगा। यह आने वाले समय में हरिद्वार, ऋषिकेश, बद्रीनाथ, कामरूप, द्वारका, श्री जगन्नाथ पुरी जैसे हिंदू तीर्थ स्थलों के बीच स्थापित हो जायेगा।महत्वपूर्ण बात यह भी है कि अयोध्या हिंदुओं के लिए ही नहीं, बौद्ध और जैन धर्मावलंबियों के लिए भी महत्त्व रखती है। ऐसे में अयोध्या अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल के तौर पर उभरेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। धार्मिक पर्यटन का मॉडल न केवल आस्था का संवर्धन करेगा बल्कि बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश की समृद्धि के द्वार खुल जाएंगे। सकारात्मक रूप से सोचें तो अयोध्या ने अपने विकास का मार्ग राम मंदिर के केंद्र में सुनिश्चित कर लिया है।

**श्याम जाजू**

सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि से भरे हमारे देश में सांस्कृतिक धरोहर हमारी पहचान है। धर्म, भाषा, रूपरेखा, शैली और विविध संस्कृतियों और जीवन शैलियों के बाद भी भारत एक है। उसकी आत्मा एक है। हम सब एक दूसरे से अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़े हुए हैं। इसी जुड़ाव को बढ़ाने की दिशा में प्रभु श्री राम के मंदिर का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर हमें अपनी साझी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को अक्षुण्ण रखने में मदद देगा।

राम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आए हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्री राम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं, हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिर काल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं।

यहाँ राम सब के हैं और सब राम के हैं। चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, राम हमारे मानस में समाये हुए हैं। देश के किसी भी हिस्से में जाएँ, आपको लोगों के नाम में राम मिलेगा - दक्षिण में रामय्या, रामचन्द्रन या रामनाथन हो या उत्तर में रामशरण, राम सिंह या रामदास, राम सभी में हैं। सुबह की राम राम से लेकर जय सिया राम और जय श्री राम हमारे लिए अभिवादन और अभिनन्दन हमारे व्यवहार में समाहित/ सन्निहित हैं।

भारत ही नहीं राम का संदेश भागौलिक सीमाओं से परे, सार्वभौम और कालातीत है। उनकी प्रासंगिकता महज भारतीय उपमहाद्वीप तक ही सीमित नहीं है। राम कथा के अनगिनत संस्करण दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों जैसे थाईलैंड, इंडोनेशिया, कंबोडिया, म्यांमार, लाओस में आज भी प्रचलित हैं। आज भी भगवान राम और देवी सीता का चरित्र चित्रण इन देशों की लोक परंपराओं का हिस्सा हैं। आज यही राम हमारे मानस से निकल कर प्राकट्य में आ रहे हैं।

राम के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक लोकहितकारी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था को जिसमें सभी के लिए शांति, न्याय और समानता हो, सुनिश्चित करती है। इसीलिए राम मंदिर का निर्माण न केवल भारतीय सांस्कृतिक एकता का एक अद्वितीय प्रतीक है, यह सुशासन और सामाजिक समरसता की ओर प्रवृत्त करने की दिशा में एक महती प्रयास भी है।

मंदिर ही एक वह जगह होती है जहां सभी वर्गों, जातियों, और समुदायों के लोग एकत्र होते हैं और साझा व्यवहार करते हैं जिससे धर्मिक एकता का संवर्धन होता है। रामायण में श्रीराम की कथा ने सभी वर्गों और समुदायों को एक साथ लाने का संदेश दिया है तथा भारतीय समाज में धर्म, नैतिकता, और सत्य के मूल्यों को प्रोत्साहित किया है।

निःसंदेह समाज में एकता और सभी धर्म-सम्प्रदायों के बीच समरसता की ओर यह एक महत्वपूर्ण कदम है। 22 जनवरी को होने वाले प्रतिष्ठा समारोह में



वाल्मिकी और रवि दास मंदिर के पुजारियों की उपस्थिति और महर्षि वाल्मिकी के नाम पर अयोध्या धाम हवाई अड्डे का नामकरण, माता शबरी के नाम पर भोजनालय, निषाद राज के नाम पर अतिथि निवास, सामाजिक एकता, न्याय और सद्भाव का ही एक उदाहरण है।

अयोध्या में नव निर्मित राममन्दिर करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक है बल्कि यह भारत की सोई अस्मिता और आत्मविश्वास के जागरण का प्रतीक भी है। श्री राम जन्म भूमि का आंदोलन हिन्दू समाज का आत्म साक्षात्कार है। यह इस बात का प्रमाण है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हिन्दू साढ़े पाँच सौ बरस की लंबी लड़ाई लड़ और जीत सकते हैं। सच में अयोध्या में राम लला का भव्य राष्ट्र मंदिर का निर्माण सभी भारतीय नागरिकों के लिए सदियों पुराने सपने के पूरे होने जैसा है। पांच सौ वर्षों बाद रामनगरी का वैभव व कीर्ति लौट रही है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख महंत श्री नृत्य गोपाल दास, के शब्दों में, ÷मंदिर निर्माण के साथ सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के भाग्य का नया सूर्य उदित होगा। निस्संदेह यह अवसर हर्ष और उल्लास का है। अयोध्या इस तरह प्रसन्न है, जैसे कि अपने आराध्य का पुन÷प्राकट्य हो रहा हो।÷

सच में सामूहिक चेतना से जो काम होते हैं, उनमें अलग ही आनंद की अनुभूति होती है। आज सम्पूर्ण देश प्रसन्न है, जन-मानस आह्लादित है। जिन असंख्य लोगों ने राममंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी है, उनकी आत्माएं प्रसन्न हो रही होंगी, क्योंकि उनका बलिदान अब सार्थक होने जा रहा है। इसी के साथ मंदिर निर्माण आंदोलन की इति भी होगी जिसने भारतीय जनमानस की चेतना को लगभग तीन दशकों तक एक सूत्र में पिरोकर रखने का काम किया। इसे विधि की व्यवस्था भी कह सकते हैं कि नव-निर्मित मंदिर में श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ कार्य राम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक पूर्व उप प्रधानमंत्री और सबके सम्माननीय श्री लालकृष्ण आडवाणी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हो रहा है जो स्वयं भी राम जन्मभूमि आंदोलन के नायकों में से एक रहे हैं।

मंदिर निर्माण के न केवल धार्मिक व सांस्कृतिक बल्कि अनेक अन्य पहलू भी हैं जिसमें सामाजिक और आर्थिक प्रमुख हैं। मंदिर से न केवल सामाजिक समरसता बढ़ेगी बल्कि आर्थिक संवर्धन भी होगा। अयोध्या हिन्दुओं का तीर्थस्थल पहले से है, लेकिन राम मंदिर निर्माण के बाद इसका दर्जा भी अमरनाथ जैसी तीर्थ यात्राओं जैसा हो जाएगा। यह आने वाले समय में हरिद्वार, ऋषिकेश, बद्रीनाथ, कामरूप, द्वारका, श्री जगन्नाथ पुरी जैसे हिंदू तीर्थ स्थलों के बीच स्थापित हो जायेगा।महत्वपूर्ण बात यह भी है कि अयोध्या हिंदुओं के लिए ही नहीं, बौद्ध और जैन धर्मावलंबियों के लिए भी महत्त्व रखती है। ऐसे में अयोध्या अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल के तौर पर उभरेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। धार्मिक पर्यटन का मॉडल न केवल आस्था का संवर्धन करेगा बल्कि बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश की समृद्धि के द्वार खुल जाएंगे। सकारात्मक रूप से सोचें तो अयोध्या ने अपने विकास का मार्ग राम मंदिर के केंद्र में सुनिश्चित कर लिया है।

निस्संदेह राम मंदिर का निर्माण भारत के लिए एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, और धार्मिक घटना है जो देश को एकता, सांस्कृतिक समृद्धि, और सच्चे धर्मिक मूल्यों की दिशा में एकाग्र कर रही है। नव-निर्मित मंदिर ने भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक विवादों को सुलझाने का एक अप्रतिम उदाहरण स्थापित किया है जो भविष्य में देशवासियों को परस्पर सद्भाव के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। हमें पूर्ण विश्वास होना चाहिए कि राम मंदिर का निर्माण भारत के लिए एक नए युग का प्रादुर्भाव करेगा जो देश को सांस्कृतिक एकता, भ्रातृत्व, और समरसता की दिशा में आगे ले जायेगा।

## हर कोई खुद को अकेला महसूस कर रहा...

इस दुनिया के मनुष्य के मन में न तो खुद पर भरोसा है और न ही दुनिया के अन्य मनुष्यों पर भरोसा करने का सरलतम रास्ता मनुष्य के मन ने पकड़ा। नतीजा आज यह हो गया कि सब एक-दूसरे से आशंकित हो जीवन जी रहे हैं। जीवन धरती पर अभिव्यक्त हुआ, पर जीवन जीने का ढंग पुरातन काल से मनुष्यों ने दुनिया भर में अपने-अपने ढंग से विकसित किया। मनुष्य को अपने द्वारा बनाए गए जीवन के ढंग से कभी भी समाधान नहीं मिला और मनुष्य ने अपने अनुभव, चिंतन-मनन और जरूरतों को देख-परख कर निरंतर अपने जीवन काल में अनगिनत प्रयोग किए, जिन्हें बड़े उत्साह से अपनाया और जल्द ही स्वयं भुला भी दिया।

**अनिल त्रिवेदी**

करीब आठ अरब जनसंख्या वाली इस विशाल दुनिया में कोई भी मनुष्य अकेला क्यों महसूस करने लगता है? इतनी बड़ी दुनिया में हर कहीं लोग ही लोग दिखाई देते हैं। यहां किसी मनुष्य को कई बार यह लगने लगता है कि वह इस दुनिया में निपट अकेला है, उसकी बातों को कोई सुनने या समझने वाला इस दुनिया में है ही नहीं या इसके उलट बार-बार यह विचार मन में आता है कि सबको अपनी-अपनी पड़ी है, किसी को मुझसे बात करने की फुर्सत ही नहीं है। एक और बात इस कालखंड में हमारे मुंह से बार बार निकलने लगी है कि कोई किसी का नहीं हैज हम तो मदद करना चाहते हैं, पर कोई मदद लेना ही नहीं चाहता।

यह केवल व्यक्ति के स्तर पर नहीं है, सार्वजनिक जीवन की तमाम संस्थाओं के साथ राजनीतिक दलों सहित सरकारी विभागों और देश-दुनिया के स्वयंभू कर्ता-धर्ता से लेकर दुनिया को रास्ता दिखाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता के साथ-साथ आध्यात्मिक गुरु, धार्मिक साधु-संतों के अंतर्मन में भी यही सब चल रहा है। कोई इसे कहे न कहे, पर आज की दुनिया में नवजात शिशुओं को छोड़ बाकी सबके मन में लगभग ऐसी ही पीड़ा है। देश और दुनिया को निरंतर प्रेरणा देने के लिए जीवन भर



भ्रमण करने वाले प्रवचनकारों से बात कर देखा जा सकता है। वे एकदम बोल पड़ेंगे कि हमने सारा जीवन लगा दिया, पर कोई सुनता-समझता नहीं है। लेखक, संगीतज्ञ, चित्रकार जैसी रचनात्मक वृत्ति में लगी विभूतियों से लेकर दुनिया भर की सभी विधाओं के हुनरमंद या सामान्यजन के अंतर्मन में यही सब चलता रहता है। व्यापारी को लगता है, व्यापार मंदा चल रहा है। किसान को लगता है कि फसल कमजोर है या उचित भाव नहीं मिल रहे हैं। शिक्षक को लगता है कि विद्यार्थियों का पढ़ने में मन नहीं लगता है। विद्यार्थियों को लगता है कि शिक्षक पढ़ाना नहीं चाहते। सरकार को लगता है कि कर्मचारी काम नहीं करते। कर्मचारियों को सरकारी फरमान बोझ लगते हैं।

हमारे काल खंड के मनुष्य के मन में जो कुछ भी चल रहा है या चलता रहता है, यह सब उसका एक अंश है। बुनियादी सवाल यह है कि हम सब अपने आप पर और दुनिया में हमारे समकालीन मनुष्यों पर विश्वास क्यों नहीं कर पा रहे हैं। क्या हमारे मन में खुद अपने आप पर भी विश्वास है? क्या हम अपने से भिन्न मनुष्य को भी अपने जैसा ही मान पाते हैं? ये सब असल में कुछ सामान्य सवाल हैं, जो दुनिया के प्रत्येक मनुष्य के मन में आते-जाते या बने ही रहते हैं। इसमें अनूठा कुछ भी नहीं है। यह सनातन समय से मन की अवस्था है।

अगर मनुष्य को मनुष्य होने पर भी सुख, शांति और समाधान नहीं है, तो आज के कालखंड में जीवित मनुष्य क्या करे कि उसे अपने मन, जीवन और कृतित्व में समाधान और शांतचित्तता का बोध हो? जैसे-जैसे हमारा जीवन दुनिया में अपने समकालीन मनुष्यों के सान्निध्य में आता है, वैसे-वैसे हमारे मन में हर मामले में मेरे-तेरे का भाव दिन दूना रात चौगुना बढ़ता ही जाता है। मसलन, मैंने इतनी मुश्किल से यह कार्य किया और उसने उसे देख कर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद प्रारंभ हो गया तुलनात्मक चिंतन और गिले-शिकवों की अंतहीन यात्रा का सिलसिला, जो आजीवन रुकने का नाम ही नहीं लेता। आज की और पुरातन काल की दुनिया में जन्मे मनुष्य की भी यही मनोदशा दिखाई देती है।

इस दुनिया के मनुष्य के मन में न तो खुद पर भरोसा है और न ही दुनिया के अन्य मनुष्यों पर भरोसा करने का सरलतम रास्ता मनुष्य के मन ने पकड़ा। नतीजा आज यह हो गया कि सब एक-दूसरे से आशंकित हो जीवन जी रहे हैं। जीवन धरती पर अभिव्यक्त हुआ, पर जीवन जीने का ढंग पुरातन काल से मनुष्यों ने दुनिया भर में अपने-अपने ढंग से विकसित किया। मनुष्य को अपने द्वारा बनाए गए जीवन के ढंग से कभी भी समाधान नहीं मिला और मनुष्य ने अपने अनुभव, चिंतन-मनन और जरूरतों को देख-परख कर निरंतर अपने जीवन काल में अनगिनत प्रयोग किए, जिन्हें बड़े उत्साह से अपनाया और जल्द ही स्वयं भुला भी दिया।

दुनिया की व्यापकता और मनुष्य की व्यक्तिगत पसंद-नापसंद आधारित मन और सोच-समझ की सिकुड़न ने इतनी बड़ी दुनिया में अकेलेपन के भाव को मनुष्य के मन में गहरे से स्थापित कर दिया है। मन शरीर में होकर भी समूची दुनिया से परे है। पर मनुष्य मन के अंतहीन प्रवाह में अपना संतुलन कायम नहीं रख पाता। मनुष्य को भीड़ में भी अकेला और अकेले में भी आनंद से रहना सीखने की कला को अपने समूचे जीवन में आत्मसात कर आजीवन जिंदादिली के साथ जीना सीखते रहना चाहिए। जीवन प्राकृतिक अभिव्यक्ति है, पर जीना मनुष्य के मन का खेल है। इसीलिए अकेले ही भीड़ में रहते हुए भी आनंद से जीने का संतुलन बनाना आवश्यक है। इसके बिना न तो हम अकेले रह सकते हैं और न ही समकालीन मनुष्य समाज के साथ रह सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इस साल ज्यादातर कर्मचारियों की जॉब बदलने की तैयारी, रिपोर्ट में हुआ खुलासा




**मुंबई एजेंसी।** प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी के बीच लगभग 88 प्रतिशत पेशेवर इस साल अपनी नौकरी बदलने पर विचार कर रहे हैं। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। लिंक्डइन की रिपोर्ट के अनुसार, चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल में बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की इच्छा (42 प्रतिशत) और अधिक वेतन (37 प्रतिशत) की आकांक्षा की वजह से ज्यादातर पेशेवर नौकरी बदलना चाहते हैं। लिंक्डइन की यह रिपोर्ट 24 नवंबर से 12 दिसंबर, 2023 के बीच देशभर में 1097 पूर्णकालिक या अस्थायी रोजगार में लगे पेशेवरों पर 'सेंससवाइड के एक शोध पर आधारित है। रिपोर्ट कहती है कि 88 प्रतिशत पेशेवर 2024 में नौकरी बदलने पर विचार कर रहे हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। ये पेशेवर अपने करियर में नया रास्ता चुनना चाहते हैं। सर्वेक्षण में शामिल 10 में से आठ (79 प्रतिशत) पेशेवरों ने कहा कि वे अपने उद्योग या मौजूदा भूमिका से अलग अवसर की तलाश में हैं। सर्वेक्षण में शामिल 72 प्रतिशत पेशेवरों ने कहा कि उन्होंने नौकरी खोजने के अपने दृष्टिकोण को बदल दिया है। अब वे वीडियो और डिजिटल बायोडाटा जैसे नए प्रारूपों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ज्यादातर पेशेवर कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करने को भी इच्छुक हैं। लगभग 81 प्रतिशत पेशेवरों का कहना है कि एआई की मदद से उनकी नौकरी की तलाश अधिक प्रभावी और उत्पादक हो सकती है।

### नहीं रुक रही ड्राइवरों के बुकिंग कैंसिल करने की घटना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में ऐप-आधारित कैब सर्विस की पहुंच अब लगभग हर छोटे-बड़े शहरों में हो चुकी है। ये सर्विस देने वालों में ओला और उबर के अलावा ब्लूस्मार्ट, इनड्राइव, रैपिडो आदि कंपनियां शामिल हो चुकी हैं, जो लोगों को अधिक से अधिक ऑप्शन दे रही हैं। कई बार देखा गया है कि ड्राइवर किसी विशेष डेस्टिनेशन पर नहीं जाना चाहते या डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं करना चाहते। सर्ज प्राइसिंग और ड्राइवरों के गलत व्यवहार की शिकायतें भी आती रहती हैं। ड्राइवरों की ओर से अंतिम समय में बुकिंग कैंसल करने के बढ़ते मामले भी लोगों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। अप्रैल 2022 में लोकलसर्कल्स के एक सर्वेक्षण से पता चला कि 71 प्रतिशत ऐप बेस्ड टैक्सी सर्विस के उपभोक्ता बुकिंग रद्द करने की समस्याओं का सामना कर रहे थे। मई 2022 में लोकलसर्कल्स सर्वेक्षण जारी होने के बाद, उपभोक्ता नियामक सीसीपीए ने अनुचित व्यापार प्रथाओं पर कुछ प्लेटफॉर्मों को नोटिस जारी किया, लेकिन इसका भी बुकिंग कैंसिलेशन पर खास प्रभाव नहीं पड़ा। अभी तक केवल दिल्ली सरकार ही कैब पॉलिसी का ड्राफ्ट लेकर आई है। हालांकि, इससे भी अंतिम समय में ड्राइवरों की ओर से बुकिंग कैंसल करने की घटनाओं पर रोक नहीं लग सकी। ऐप-आधारित टैक्सी एग्रीगेटर्स पर लगातार आ रही शिकायतों को देखते हुए लोकलसर्कल्स ने यह पता लगाने के लिए एक और राष्ट्रीय सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया, जिसमें देखा गया कि पिछले 12 महीनों में उपभोक्ताओं के लिए जमीनी स्तर पर कुछ भी बदलाव आया है या नहीं। सर्वेक्षण भारत के 276 जिलों में हुआ।

# 88% of Indian professionals looking for new jobs in current year

About 88% of professionals in India are considering a new job in 2024, an increase of 4% from last year, shows a new research by business networking platform LinkedIn.

In what could be a sign of a shift in attitude, the research says job seekers are being less rigid in their career moves as they look to make up for lost time by focusing on productivity and growth. LinkedIn's report, released on Wednesday, says that job search activity on its platform increased by 9% year-on-year in 2023. Desire for better work-life balance (42%) and higher wages (37%) in a challenging economic environment are the biggest motivators for changing jobs.

Job seekers are also willing to explore new career paths. About 79% (or nearly 8 out of 10) of the professionals who participated in the survey said they are looking for opportunities outside of their industry or role. "As Indian professionals take charge of their careers in 2024, it's going to get increasingly competitive with more professionals entering the job market," Nirajita Banerjee, career expert and senior managing editor for LinkedIn India, said. "To be successful in their job hunt, it's essential for professionals to stand out by dedicating time to spruce up their profiles, highlighting their skills, and staying informed about industry developments. This will help increase their chances of finding the job they want and develop skills needed to build a career with staying power." While professionals are bullish, they are finding it hard to keep up with the rapid change in the skills required to do some jobs, largely because of the rapid developments in artificial intelligence (AI). About 45% of professionals said they do not know how to match their skills to the job they want, which makes the job search process difficult. LinkedIn data shows that in India, skills for jobs have changed by 30% since 2015. Professionals are also finding job hunting tough, with 55% saying that looking for a job is frustrating and 59% saying they rarely hear from recruiters. About 72% of professionals said they have changed their job search approach, and have included experimenting with new formats such as video and digital resumes. They are also keen on using AI—about 81% said it can help make their job hunt more efficient. They are also taking control of their career by investing in building their professional brand and tapping connections that can help them increase their chances of landing a job. About 79% of professionals are posting more content on LinkedIn and 83% are becoming more active in growing their professional network.

# शीरा निर्यात पर अब लगेगा 50 फीसदी शुल्क



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार देश में इथेनॉल बनाने के लिए मोलासिस (शीरा) की उपलब्धता बढ़ाएगी। इसके लिए सरकार ने मोलासिस के निर्यात पर 50 फीसदी का शुल्क लगा दिया है। इसे 18 जनवरी से लागू किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इतने बड़े निर्यात शुल्क से मोलासिस की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। इससे इथेनॉल का उत्पादन बढ़ेगा। इससे ईंधन में इथेनॉल मिलावट का लक्ष्य पूरा हो सकेगा। चालू वर्ष में पेट्रोल में 15 फीसदी इथेनॉल मिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 690 लीटर इथेनॉल की जरूरत होगी। अक्तूबर से सितंबर तक के गन्ने के उत्पादन में कमी आने की भी आशंका है। दुनिया में मोलासिस का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही पूरा होता है। मोलासिस निर्यात करने वाले राज्यों में महाराष्ट्र, गुजरात व कर्नाटक हैं, जो थाईलैंड, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और फिलीपीन जैसे देशों को निर्यात करते हैं। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने शीरा निर्यात पर 50 फीसदी शुल्क लगाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है। संगठन ने कहा, हर साल करीब 15-16 लाख टन शीरे का निर्यात किया जाता है, जो उत्पादित मोलासिस की कुल मात्रा का लगभग 10 फीसदी है। इस मोलासिस से लगभग 38 करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन हो सकता है।

# शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

**इंदौर।** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर मंगलवार को शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इंदौर में एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अग्रणी स्टार्टअप उद्यमी श्रीमती चेतना शर्मा एवं सुजीत सिंघल थे। श्रीमती चेतना शर्मा द्वारा छात्राओं को स्टार्टअप के विभिन्न चरणबद्ध पदों से अवगत कराते हुए आने वाली चुनौतियों एवं उनके निदान के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सुजीत सिंघल द्वारा शासन की स्टार्टअप संबंधी प्रचलित विभिन्न योजनाओं की व्याख्या की गई। साथ ही संस्था में अध्ययनरत छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रसर होने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती विजया शिन्दे, कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं व्याख्यातागण दिनेश भूरिया, श्रीमती अफरोज आदिल और डॉ. प्रशांत तिलवणकर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में छात्रासंघ अध्यक्ष कु. आयुषी जायसवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# 16000 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा, फिर भी एचडीएफसी बैंक के शेयर धड़ाम, 6 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक के शेयर बुधवार को धड़ाम हो गए हैं। एचडीएफसी बैंक के शेयर बुधवार को 6 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट के साथ 1570 रुपये पर पहुंच गए हैं। बैंक के शेयर मंगलवार को 1678.95 रुपये पर बंद हुए थे। प्राइवेट सेक्टर बैंक के शेयरों में यह तेज गिरावट दिसंबर 2023 तिमाही में मुनाफे में 34 पर्सेंट की बढ़ोतरी के बाद आई है। एचडीएफसी बैंक को दिसंबर तिमाही में 16372 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ है। बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर हायर प्रोविजंस किए हैं। टॉप ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए और मॉर्गन स्टैनेली ने बैंक की लोन ग्रोथ और लोअर लिक्विडिटी कवरेज रेशियो को लेकर चिंता जताई है। हालांकि, सीएलएसए ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों पर बाय रेटिंग बनाए रखी है। वहीं, मॉर्गन स्टैनेली ने शेयरों को ओवरवेट दी है। घरेलू ब्रोकरेज हाउस कोटक इक्विटीज ने अर्निंग एस्टिमेट में कटौती की है, जबकि बैंक के शेयरों पर बाय रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस नुवामा ने एचडीएफसी बैंक की रेटिंग को डाउनग्रेड करके होल्ड कर दिया है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है।




### 34 प्रतिशत बढ़ा है एचडीएफसी बैंक का मुनाफा

चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एचडीएफसी बैंक का नेट प्रॉफिट 34 पर्सेंट बढ़कर 16372 करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल की समान अवधि में प्राइवेट सेक्टर के इस दिग्गज बैंक को 12259 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। दिसंबर 2023 तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम बढ़कर 28471 करोड़ रुपये पहुंच गई है, पिछली तिमाही में यह 27385 करोड़ रुपये थी। एचडीएफसी बैंक के ग्रॉस नॉन-परफर्मिंग एसेट्स चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1.26 पर्सेंट पर पहुंच गए, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 1.23 पर्सेंट पर थे।

# भारत अब बैक ऑफिस नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में कामयाबी का दूसरा नाम, बोले गार्सेटी



**मुंबई एजेंसी।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी का कहना है कि भारत अब कोई बैक ऑफिस नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में शानदार सफलताओं का दूसरा नाम है। गार्सेटी ने कहा कि भारत में अब सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही नहीं बनाई जा रही हैं, बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में नए मुकाम गढ़े जा रहे हैं। इसी तरह प्रौद्योगिकी हो या वित्त भारत हर क्षेत्र में सफलता के प्रतिमान गढ़ रहा है। कई मामलों में भारत नेतृत्व कर रहा है और अमेरिका के लिए भारत के इन तरीकों का अनुसरण करना अहम है। भारत और अमेरिका दुनिया को नैतिक नेतृत्व देने में सक्षम हैं। मंगलवार को मुंबई में यूएससी-इंडिया इनोवेशन समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दो महानतम लोकतंत्र होने के नाते दुनिया को दिखा सकते हैं कि नैतिक नेता होने का क्या मतलब होता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत के रिश्तों के लिहाज से 2023 सबसे अच्छा वर्ष रहा, निश्चित रूप से यह रिश्तों का कोई नया शिखर नहीं है, बल्कि एक मजबूत नींव है।

### रिश्ते हो रहे प्रगाढ़

गार्सेटी ने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर कई क्षेत्रों में तरक्की कर रहे हैं। तकनीक, निवेश और संस्कृति ऐसे पुल हैं, जो दोनों देशों के लोगों के लिए आपसी संबंधों का जरिया हैं। लोगों से लोगों के यह संबंध दोनों देशों के लिए बेहद अहम हैं और लगातार प्रगाढ़ हो रहे हैं। भारत और अमेरिका मिलकर दुनिया की सबसे अच्छी वैक्सीन बनाने के साथ ही सबसे अच्छी मूवीज बना सकते हैं और शिक्षा के आदान-प्रदान के जरिये हिंद-प्रशांत क्षेत्र का बेहतर भविष्य तय कर सकते हैं।

# नोवा एग्रीटेक लिमिटेड का अगले सोमवार को आ रहा है आईपीओ

**मुंबई एजेंसी।** शेयर मार्केट में निवेशकों के लिए कमाई का एक और मौका मिलने आने वाल है। एग्रीकल्चर इनपुट बनाने वाली कंपनी नोवा एग्रीटेक अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ अगले सप्ताह ला रही है। इसका आईपीओ 22 जनवरी 2024 यानी अगले सोमवार को खुलेगा। इसमें निवेशक अगले बुधवार यानी 24 जनवरी तक बोली लगा सकते हैं। हम बता रहे हैं इस आईपीओ के बारे में सबकुछ।




### क्या है प्राइस बैंड

तेलगांना की नोवा एग्रीटेक यह आईपीओ 144 करोड़ रुपये का है। इसके लिए कंपनी ने प्राइस बैंड 39-41 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इस आईपीओ के तहत 112 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा इसमें एक शेयरधारक नुतलापति वेंकटसुब्बाराव द्वारा 77.58 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। उनके पास कंपनी की 11.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यदि प्राइस बैंड का ऊपरी स्तर मूल्य होता है तो कंपनी को इसके जरिये 143.81 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### किनके लिए कितना शेयर रिजर्व

कंपनी ने अपने आईपीओ का आधा हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीच्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व किया गया है। नॉन इंस्टीच्यूशनल बायर्स के लिए 15 फीसदी हिस्सा सुरक्षित किया गया है। इस आईपीओ का 35 फीसदी हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व रखा गया है। यदि सबकुछ योजनानुसार चला तो आगामी 30 जनवरी को इसकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई में हो जाएगी। नोवा एग्रीटेक का फाइनेंसियल पोजिशन मजबूत है। साल 2022-23 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा कसोलिडेटेड बेसिसल परकरीब 50 फभ्सदी बढ़ कर 20 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया था। कंपनी का इस साल रेवेन्यू भी 13.4 फीसदी बढ़ कर 210 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया था। इस साल कंपनी का ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 39.3 फीसदी बढ़ कर 38.7 करोड़ रुपये हो गया था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से सितंबर के दौरान कंपनी ने कंसोलिडेटेड बेसिस पर 103 करोड़ रुपये का रेवेन्य और 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का नेट प्रोफिट अर्जित किया है।

### क्या है इस आईपीओ का जीएमपी

बुधवार, 17 जनवरी 2024 को नोवा एग्रीटेक के आईपीओ पर ग्रे मार्केट में प्रीमियम शून्य था। मतलब कि इस शेयर को ना तो प्रीमियम कोट किया जा रहा है और न ही कोई निगेटिव प्रीमियम है। हो सकता है कि जब आईपीओ खुल जाए तो ग्रे मार्केट में इस बारे में कोई अपडेट आए।

# महंगाई पर चौतरफा वार, टमाटर, प्याज और दाल के साथ सस्ता आटा बेच रही सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार महंगाई को काबू में करने के लिए एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके तहत रियायती दर वाले भारत ब्रांड आटे की उपलब्धता और अधिक बढ़ाई जाएगी। इसके लिए भारतीय खाद्य निगम जनवरी में तीन सरकारी एजेंसियों को तीन लाख टन गेहूं आवंटित करेगा, जो इसे आटे में तब्दील करेंगी। इस भारत ब्रांड आटे को सस्ती दर पर उपभोक्ताओं को बेचा जाएगा। मौजूदा समय में खुदरा स्तर पर सरकार के हस्तक्षेप के बावजूद गेहूं के आटे की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि दिसंबर में, तीन एजेंसियों-नेफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार के माध्यम से लगभग एक लाख टन गेहूं आटे के रूप में बेचा गया था। हम जनवरी में भी इन तीनों एजेंसियों के माध्यम से लगभग तीन लाख टन अधिक गेहूं उतारने की तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने महंगाई से लोगों को राहत देने के लिए भारत आटा योजना की शुरुआत की थी। इस ब्रांड के तहत सरकारी एजेंसियां आम लोगों को 27.5 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर आटा उपलब्ध कराती हैं। सरकारी एजेंसियों ने उपभोक्ताओं को अब तक 1 लाख 16 हजार 617 टन आटा बेचा है।



### मार्च तक बिक्री जारी रहेगी

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य उन क्षेत्रों में कीमतें कम करना है, जहां दरें औसत से अधिक हैं। सरकार की योजना है कि रियायती भाव पर मिलने वाले भारत आटे को उन सभी क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जाए, जहां आटे की बाजार दर औसत कीमत से अधिक है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, आटे की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत बढ़कर 36.5 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण दिसंबर में खुदरा महंगाई बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.69 फीसदी पर पहुंच गई।

### टमाटर, प्याज और दाल भी बाजार में उतारे

केंद्र सरकार का प्रयास है कि खुदरा महंगाई को जल्द से जल्द काबू किया जाए। इसके लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। बीते कुछ महीनों के दौरान सरकार प्याज से लेकर टमाटर तक की बिक्री कर चुकी है। आम लोगों को महंगाई की मार से बचाने के लिए सस्ते आटे से लेकर दाल तक की बिक्री की जा रही है।

# भारत की विकास संभावनाएं बहुत अच्छी हैं, विश्व आर्थिक मंच में बोले आरबीआई गवर्नर दास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में एक सत्र को संबोधित करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत की विकास संभावनाएं बहुत अच्छी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न झटकों और संकटों के बावजूद भारत के बैंकिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार आया है।

उन्होंने कहा कि भारत और उसके व्यापक आर्थिक और वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी भरोसा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें वास्तव में भारत में व्यापार के अवसरों पर गौर करने की जरूरत है, क्योंकि यह भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र में निर्माण करने का सही समय है। दास ने कहा कि वैश्विक विकास धीमा होने के बावजूद भारत का सर्विस सेक्टर प्रगति कर रहा है।

दास ने भारत की आर्थिक स्थिति के पीछे सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों तथा एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) की नियामक ढांचे का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि ये भारत के आर्थिक विकास की गति में विश्वास के लिए आधार प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अपनी निगरानी में काफी सुधार किया है। हमारा दूरंदेशी दृष्टिकोण किसी संकट या संभावित जोखिम की पहचान करना है। ताकि हम किसी भी जोखिम को बढ़ने से रोकने के लिए उचित उपाय कर सकें।



आरबीआई गवर्नर दास ने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति (महंगाई) कम हो रही है और लगातार आरबीआई के चार फीसदी लक्ष्य के करीब पहुंच रही है। साथ ही विकास संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति नियंत्रण में आ गई है और हमारे पैमाने के भीतर है, जो दो फीसदी से छह फीसदी है। उन्होंने आगे कहा, मुख्य मुद्रास्फीति लगातार कम हो रही है। इससे पता चलता है कि मौद्रिक नीति काम कर रही है। आरबीआई मुद्रास्फीति को चार फीसदी के लक्ष्य तक लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### क्रिप्टोकरेंसी में बड़े जोखिम

दास ने आने वाले वर्षों में निरंतर विकास के संकेत दिए और कहा कि भारत की आर्थिक विकास संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में विनिमय दर की अस्थिरता में कमी से अर्थव्यवस्था में निवेशकों का विश्वास फिर से बढ़ा है। क्रिप्टोकरेंसी के बारे में आरबीआई प्रमुख ने कहा कि इसमें बड़े जोखिम हैं। उन्होंने कहा, क्रिप्टोकरेंसी अत्यधिक काल्पनिक है। मेरी राय और आरबीआई की राय है कि इसके चारों ओर बड़े जोखिमों को देखते हुए भारत जैसे देशों को बहुत सावधान रहना चाहिए। जनवरी महीने की शुरुआत में, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

# 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' पर गिरी गाज, गृह मंत्रालय ने रद्द किया एफसीआरए पंजीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने नियमों के कथित उल्लंघन के लिए प्रमुख थिंक टैंक 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद्द कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा यह कदम एफसीआरए के तहत गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) के पंजीकरण को निलंबित करने के लगभग एक साल बाद उठाया गया है। आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी के बाद से थिंक-टैंक जांच के दायरे में है।

गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान कानून के प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए एनजीओ का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया है। इससे पहले एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिनों के लिए निलंबित किया गया था। फिर निलंबन को और 180 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया। इसकी वेबसाइट के अनुसार 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' (सीपीआर) 1973 से भारत के अग्रणी थिंक-टैंक में से एक रहा है। इसमें बताया कि यह अध्ययन के लिए समर्पित एक गैर-लाभकारी, गैर-पक्षपातपूर्ण, स्वतंत्र संस्थान है।




'सीपीआर' को बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, हेवलेट फाउंडेशन, विश्व बैंक, फोर्ड फाउंडेशन, ब्राउन यूनिवर्सिटी के अलावा अन्य संस्थानों से चंदा मिलता था। इसके संचालन निकाय के पूर्व सदस्यों में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश दिवंगत वाईवी चंद्रचूड़, अनुभवी पत्रकार दिवंगत बीजी वर्गीस शामिल रहे।

जब 'सीपीआर' ने अपने निलंबन को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी तो गृह मंत्रालय ने तर्क दिया था कि सीपीआर का विदेशी चंदा रोकने की जरूरत है क्योंकि इसे ''अवांछनीय उद्देश्यों'' के लिए विदेशी चंदा प्राप्त हो रहा है, जिससे देश के आर्थिक हित प्रभावित हो सकते हैं। गृह मंत्रालय ने आरोप लगाया कि 'सीपीआर' ने एफसीआरए का उल्लंघन करते हुए विदेशी चंदे को अन्य संस्थाओं में स्थानांतरित कर दिया और चंदे को ऐसे खातों में जमा कर दिया, जो कि रिकॉर्ड में दर्ज नहीं थे। संपर्क करने पर सीपीआर अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी यामिनी अय्यर ने कहा कि संस्था जल्द ही एक बयान जारी करेगी।



# बॉडी लैंग्वेज बन सकता है इंटरव्यू में सिलेक्शन न होने का कारण

**जॉब के लिए इंटरव्यू के दौरान लोग बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी कई गलतियां करते हैं। जिसके कारण इंटरव्यू अच्छा जाने के बाद भी उनका सिलेक्शन नहीं होता है। यहां हम आपको सही बॉडी लैंग्वेज के साथ इंटरव्यू क्रैक करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। अच्छी जॉब की चाहत रखने वाले लोग काफी समय पहले से ही इंटरव्यू की तैयारियां शुरु कर देते हैं। इंटरव्यू से पहले लोग तमाम सवालों की तैयारियां भी करते हैं। इस दौरान लोग इंटरव्यू में अच्छा इंप्रेशन देने के लिए आटउफिट्स को लेकर भी कंफ्यूज हो जाते हैं। इन सारी तैयारियों के अलावा कुछ जरूरी बातें हैं जिनका आपको खास ध्यान रखना चाहिए।**

कई बार इंटरव्यू अच्छा जाने के बाद भी आप सिलेक्शन से चूक जाते हैं। इस दौरान आपकी बॉडी लैंग्वेज बहुत मायने रखता है। आज हम आपको उन बॉडी लैग्वेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको इंटरव्यू के दौरान बिलकुल भी नहीं करनी चाहिए।

## ऐसे करें शुरूआत

इंटरव्यू में आपके उठने-बैठने का तरीका, हाव-भाव, आपके हाथ के एक्शन आदि के अलावा आपकी बॉडी लैंग्वेज पर भी खास ध्यान दिया जाता है। इंटरव्यू के लिए जाने के दौरान सामने वाले से हाथ मिलाने के दौरान इस बात का खास ध्यान रखे कि हाथ न तो बहुत हल्के से और न बहुत तेजी से मिलाएं। यदि आपके हाथ गीले हों तो उन्हें पोछकर साफ कर लें। वहीं इंटरव्यू के दौरान सामने वाले से आई कॉन्टैक्ट बनाकर रखें। वहीं हैंडशेक करने के दौरान गर्मजोशी से मिलें। आंखें झुकाकर या कहीं और देखते हुए हैंडशेक करने की गलती न करें।

## स्ट्रेट होकर बैठें

इंटरव्यू के दौरान आपको स्ट्रेट होकर बैठना चाहिए। इसके अलावा अगर आप इंटरव्यू लेने वाले के सामने क्रास लेग करके बैठते हैं तो यह आपके इंप्रेशन को खराब कर सकता है। साथ ही यह सामने वाले पर्सन पर भी बुरा प्रभाव डालता है। इसलिए इंटरव्यू के दौरान इस तरह की गलती किए जाने से बचना चाहिए। बता दें कि स्ट्रेट पोस्चर यानि की एकदम सीधे होकर बैठने से आपका सामने वाले पर डिफेंसिव इंप्रेशन जाता है। ढीला-ढाला पोस्चर आपकी खराब बॉडी लैंग्वेज को दिखाता है।

## क्रॉस आर्म्स

बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी एक क्रॉस आर्म्स होती है। इंटरव्यू देते समय हाथों को सीधे अपनी थाई पर रखकर बैठें। इस दौरान न तो हाथों को क्रॉस करें और न ही हाथ जेब में डालें। अगर आप हाथ क्रॉस करके बैठते हैं तो यह आपके एरोगेंस को दिखाता है। जिससे इंटरव्यू में खराब इंप्रेशन पड़ता है। कई लोग टेबल के ऊपर हाथ रखकर बात करते हैं। ऐसा भी करने से बचना चाहिए। बता दें कि जब तक हाथ से कोई बहुत जरूरी बात न समझानी हो, तब तक हाथों को इधर-उधर न करें। इसके अलावा बार-बार अपने हाथों को बालों पर न फिराएं।

## फेस टच

कई लोगों की बार-बार अपने चेहरे, बालों या कपड़ों को टच करने की आदत होती है। यदि आप किसी इंटरव्यू के दौरान भी ऐसी हरकत करतें है, तो यह सामने वाले को आपके खराब इंप्रेशन को दिखाता है। क्योंकि ये आदतें नेगेटिव बॉडी लैंग्वेज जेस्चर में आती हैं। इसलिए इंटरव्यू के दौरान भूलकर भी ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए। आपकी बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी इस तरह की कई गलतियां इंटरव्यू में असफल होने का कारण भी बन सकती हैं।



# बीटेक इन इलेक्ट्रिकल में ऐसे बनाएं करियर मिलेगा शानदार पैकेज

**जिन छात्रों को इलेक्ट्रानिक्स और कंप्यूटर दोनों में रूचि है। वह इंजीनियरिंग में अपना करियर बना सकते हैं। इसमें आपकी रुचि के हिसाब से कई कोर्स मिल जाएंगे। हालांकि इन कोर्सों में एडमिशन लेने से पहले छात्रों को प्रवेश परीक्षा देनी होती है।**

इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद छात्रों के सामने करियर को लेकर चिंता बढ़ जाती है। वहीं जो स्टूडेंट 12वीं के बाद इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उनके लिए इंजीनियरिंग में ढेरों स्पेशलाइजड कोर्स है। आपको बता दें कि इंजीनियरिंग में 2 प्रकार की बैचलर डिग्री होती है। जिनमें से एक बीई, बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग और दूसरा बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी यानी बीटेक है। वहीं जिन स्टूडेंट्स को इलेक्ट्रानिक्स और कंप्यूटर दोनों में रूचि है। उनके करियर के लिए इंजीनियरिंग का ऑप्शन सबसे बेस्ट है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बीटेक इंलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग कोर्स के बारे में पूरी जानकारी देंगे। इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग की एक ब्रांच इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस है। जिसके जरिए कंप्यूटर के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को विकसित करने का काम किया जाता है। इस सब्जेक्ट के जरिए दोनों विषयों को अलग-अलग किया गया है। ताकि जिस स्टूडेंट को जिस सब्जेक्ट में इंट्रेस्ट हो, वह उसमें अपना करियर बना सके। बता दें कि इस कोर्स को करने के बाद आप एक आकर्षक सैलरी पर नौकरी कर सकते हैं।

## कोर्स

बीटेक इन इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक का कोर्स 4 साल का होता है। 12वीं पास स्टूडेंड संबंधित सब्जेक्ट में डिप्लोमा कर सकते हैं। हालांकि इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंट को परीक्षा देनी होती है। कोर्स को आसान बनाने के लिए इसे सेमेस्टर सिस्टम में लागू किया गया है। इस दौरान स्टूडेंट को कोर्स पढ़ाने के अलावा थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल भी करवाया जाता है। कोर्स की पढ़ाई के दौरान उन्हें काफी कुछ सिखाया जाता है। जिससे कि छात्रों को करियर की शुरूआत में किसी तरह की दिक्कत न आए।

## कॉलेज और फीस

- करुणा प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान तमिलनाडु - 7.24 लाख
- एसआरएम प्रौद्योगिकी संस्थान, तमिलनाडु - 10.1 लाख
- एसआरएम इंजीनियरिंग कॉलेज, तमिलनाडु - 10.1 लाख
- सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश - 2.02 लाख
- अमृता विश्व विद्यापीठम अमृतपुरी परिसर, केरल - 4 लाख
- रेवा विश्वविद्यालय, कर्नाटक - 9 लाख

## योग्यता


- इसके लिए स्टूडेंट का 12वीं पास होना जरूरी है।
- स्टूडेंट ने साइंस स्ट्रीम से पढ़ाई की हो।
- पीसीएम के मुख्य सब्जेक्टों के बारे में जानकारी होनी चाहिए।
- स्टूडेंट के कम से कम 50 प्रतिशत नंबर होने चाहिए।
- वहीं रिजर्व कैटेगिरी के पास 45 प्रतिशत अंक योग्यता
- स्टूडेंट की उम्र 17 से 23 साल के बीच होनी चाहिए।

## एडमिशन

बीटेक में इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स करने के लिए स्टूडेंट को प्रवेश परीक्षा देनी होती है। इनमें से सबसे अहम प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस और जेईई एडवांस है। वहीं अन्य संस्थान और राज्य अपने स्तर पर भी कई तरह की प्रवेश परीक्षा करवाते हैं। इन परीक्षाओं में पास होने के बाद ही स्टूडेंट इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। एडमिशन एग्जाम के बाद सीट अलॉटमेंट के लिए काउंसलिंग और कुछ जगह इंटरव्यू का भी प्रोसेस होता है।

## अन्य ऑप्शन

इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद आगे की भी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। वहीं यह कोर्स पूरा होने के बाद आप एक पेशेवर के तौर पर अच्छी सैलरी पर भी काम कर सकते हैं। बता दें कि इस कोर्स के बाद छात्र सीनियर डेवलपर, स्पलाई चेन एग्जिक्यूटिव और मैनेजर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, कंप्यूटर इंजीनियर और रिजनल मैनेजर आदि के पदों पर काम कर सकते हैं। शुरूआती दौर में इस फील्ड में आप सालाना 2 से 7 लाख रुपए महीने कमा सकते है। वहीं एक्सपीरियंस के आधार पर आपकी सैलरी भी बढ़ती जाती है।





# मास कम्यूनिकेशन के जरिए पूरा किया जा सकता है मीडिया में काम करने का सपना

**कई छात्र टीवी, रेडियो और प्रिंट मीडिया में काम करने का सपना देखते हैं। इस सपने को मास कम्यूनिकेशन कोर्स के जरिए पूरा किया जा सकता है। इस कोर्स को आप लखनऊ के इन कॉलेजेस से कर सकते हैं।**

कई लोगों का मीडिया, टीवी और रेडियो में काम करने का सपना होता है। इस तरह की रुचि रखने वाले छात्र अक्सर मीडिया इंडस्ट्री में जुड़ने की इच्छा रखते हैं। जिसके चलते लाखों स्टूडेंट तेजी से बढ़ती मीडिया इंडस्ट्री का हिस्सा बनने के लिए मास कम्यूनिकेशन कोर्स में एडमिशन लेते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस कोर्स के बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं। 12वीं और अंडर ग्रेजुएट डिग्री करने वाले छात्र इस कोर्स को कर सकते हैं। साथ ही आपको लखनऊ के बेस्ट कॉलेज के बारे में भी बताएंगे, जहां से आप इस कोर्स में दाखिला ले सकते हैं।

## प्रोफेशनल डिग्री कोर्स

मास कम्यूनिकेशन का कोर्स प्रोफेशनल डिग्री है। इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए स्टूडेंट को किसी विशेष स्ट्रीम से 12वीं पास होना जरूरी नहीं होती है। आर्ट, साइंस और कॉमर्स से पढ़े छात्र भी मास कम्यूनिकेशन का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप कई विभिन्न पदों पर काम करने के योग्य हो जाते हैं। एक जर्नलिस्ट के तौर पर काम कर अपने सपने को पूरा कर सकते हैं।

## बैचलर कोर्स की योग्यता

मास कम्यूनिकेशन में बैचलर कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्रों का 12वीं पास होना जरूरी है। किसी भी स्ट्रीम का स्टूडेंट मास कम्यूनिकेशन का कोर्स कर सकता है। इस कोर्स में मेरिट और प्रवेश परीक्षा दोनों तरह से एडमिशन लिया जाता है। मेरिट के आधार पर एडमिशन के लिए स्टूडेंट को 12वीं में अच्छे नंबर लाने होते हैं। वहीं प्रवेश परीक्षा के जरिए स्टूडेंट्स को एग्जाम में अच्छा स्कोर करना होता है। हर संस्थान में एडमिशन के लिए अलग-अलग योग्यता होती है।

## मास्टर कोर्स में प्रवेश की योग्यता

अगर आप पहले से ग्रेजुएशन पूरा कर चुके हैं तो मास मीडिया का कोर्स करने के लिए आप मास कम्यूनिकेशन में मास्टर की डिग्री कर सकते हैं। मास्टर्स कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्रों को बैचलर में न्यूनतम 50% नंबर लाने होते हैं। इसके लिए आपको प्रवेश परीक्षा देनी होती है।



# सप्लाई चैन मैनेजमेंट में बनाना है कॅरियर तो....

**सप्लाई चेन मैनेजमेंट के क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाने से पहले आपको यह जानने की आवश्यकता है कि वास्तव में यह क्या है। सप्लाई चेन मैनेजमेंट में अपने स्रोत से ग्राहक तक माल और सेवाओं के फ्लो को मैनेज किया जाता है।**

आज के समय में कॅरियर की अनेक राहें हमारे पास मौजूद हैं। ऐसे कई क्षेत्र हैं, जिनमें ग्रोथ की संभावना बहुत अधिक है। लेकिन पर्याप्त जानकारी ना होने के कारण यंगस्टर्स इन करियर ऑप्शन को चुनते ही नहीं है। ऐसा ही एक क्षेत्र है सप्लाई चैन मैनेजमेंट। किसी भी कंपनी को सक्सेसफुली चलाने के लिए सप्लाई चैन मैनेजमेंट की बेहद आवश्यकता होती है। यही कारण है कि इस पद पर नियुक्त लोगों को काफी अच्छी सैलरी मिलती है और उनके करियर की ग्रोथ भी काफी अच्छी होती है। सप्लाई चेन मैनेजमेंट के क्षेत्र में अपना करियर बनाने से पहले आपको यह जानने की आवश्यकता है कि वास्तव में यह क्या है। सप्लाई चेन मैनेजमेंट में अपने स्रोत से ग्राहक तक माल और सेवाओं के फ्लो को मैनेज किया जाता है। यह तैयार हुए प्रोडक्ट को शिपिंग के लास्ट स्टेज तक को स्मूद बनाने का मैनेजमेंट है। सप्लाई चेन मैनेजमेंट का मुख्य उद्देश्य बिना किसी समस्या के ग्राहकों तक प्रोडक्ट को पहुंचाने की प्रक्रिया को अधिक आसान बनाना है। जब इसे सही तरीके से किया जाता है, तो इससे मार्केट में बिजनेस को बढ़त हासिल करने में भी मदद मिलती है।

## सप्लाई चेन मैनेजर क्या करता है?

अब सवाल यह उठता है कि एक सप्लाई चेन मैनेजर का क्या काम होता है। दरअसल, एक सप्लाई चेन मैनेजर कच्चे माल की खरीद से लेकर उत्पादन तक कंपनी की सभी सप्लाई चेन के लिए जिम्मेदार होता है। ये वे पेशेवर होते हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि उत्पाद समय पर पहुंचें और बिना डैमेज कच्चे माल का भंडारण किया जाए। उन्हें तैयार किया जाए और बिना किसी समस्या के ग्राहकों तक सही समय पर व आसानी से पहुंचाया जाए। सप्लाई चेन में मैन्युफैक्चरिंग से लेकर वेयरहाउस, पैकेजिंग, डिलीवरी जैसे कई छोटे-छोटे सेक्शन्स शामिल होते हैं। इन सभी को मैनेज करने की जिम्मेदारी सप्लाई चेन मैनेजर के कंधों पर होती है।

## सप्लाई चेन मैनेजमेंट में जॉब के क्या अवसर हैं?

किसी भी प्रोडक्ट को तैयार करने में कई चरण होते हैं और यह सभी एक व्यक्ति द्वारा संभव नहीं है। इसलिए हर कंपनी में सप्लाई चेन मैनेजमेंट को कंप्लीट करने के लिए कई एक्सपर्ट्स की जरूरत होती है। ऐसे में इस क्षेत्र में जॉब ऑप्शन की कमी नहीं है। आप छोटे से लेकर बड़े ब्रांड तक में बतौर लॉजिस्टिक रिसोर्स प्लानर, मेंटेनेंस मैनेजर, क्वालिटी मैनेजर, प्रोडक्शन प्लानर, वेयरहाउस मैनेजर, आदि पदों पर जॉब की तलाश कर सकते हैं। चूंकि, उत्पादन व बिक्री का बाजार कभी बंद नहीं होने वाला है, इसलिए इस क्षेत्र में आपको अपने भविष्य को लेकर चिंतित होने की कोई आवश्यकता भी नहीं है।

## सप्लाई चेन मैनेजर कितना कमा सकता है?

एक सप्लाई चेन मैनेजर किसी भी कंपनी में बेहद ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। वह कच्चे माल की खरीद से लेकर प्रोडक्ट की क्वालिटी और फिर उसे अपने कस्टमर्स तक पहुंचाने में मुख्य भूमिका में होता है। एक तरह से उसकी भूमिका के कारण ही कंपनी की ग्रोथ पर गहरा असर पड़ता है। इसलिए उनकी सैलरी भी काफी अच्छी होती है। हालांकि, एक्सपीरियंस बढ़ने के साथ उनकी आमदनी भी बढ़ती जाती है। अपने करियर की शुरुआत में ही आप 40000-50000 रूपए तक आसानी से कमा सकते हैं। कुछ सालों के अनुभव के बाद सैलरी प्रतिमाह लाखों में होती है।

## सप्लाई चैन मैनेजमेंट के लिए कोर्स

अगर आप सप्लाई चैन मैनेजमेंट के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आपको एमबीए इन लॉजिस्टिक एंड सप्लाई चैन मैनेजमेंट कोर्स करना चाहिए। इसके अलावा आप किसी अच्छे संस्थान से इससे जुड़ा कोर्स करके अपना करियर बना सकते हैं।

- स्कूल ऑफ बिजनेस, यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज, देहरादून
- आईआईएसडब्ल्यूबीएम कोलकाता - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वेलफेर एंड बिजनेस मैनेजमेंट इन कोलकाता
- डॉ. डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी (डीवाईपीयूएसएम), नवी मुंबई

## सीके नायडू क्रिकेट में झारखंड के क्रिस गेल की आतिशी बल्लेबाजी, केवल चौके-छक्के से जुटाए 146 रन

**रांची, एजेंसी।** आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स टीम की ओर से हायर किए गए झारखंड के पहले आदिवासी क्रिकेटर रॉबिन मिंज ने सीके नायडू ट्रॉफी में



अपनी आतिशी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया है। उन्होंने ओडिशा के संबलपुर स्थित वीर सुरेंद्र साई स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में मंगलवार को दोहरा शतक (201) ठोका। सबसे खास बात यह है कि इस दोहरे शतक में 146 रन उन्होंने केवल चौके-छक्कों के जरिए जुटाए। रॉबिन मिंज ने 199 गेंद की अपनी पारी में 101.01 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और 9 छक्के लगाए। ओडिशा के खिलाफ खेले जा रहे टूर्नामिंट के इस मैच में झारखंड ने अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। झारखंड ने 3 विकेट पर 287 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी। ओडिशा की टीम पहली पारी में 168 रन पर ही आउट हो गई थी। बता दें कि रॉबिन मिंज झारखंड के नक्सलवाद प्रभावित गुमला जिले के एक छोटे से गांव के एक आदिवासी परिवार से आते हैं। वह झारखंड के पहले आदिवासी प्लेयर हैं, जिसे इंटरनेशनल लेवल क्रिकेट लीग खेलने का मौका मिला है। आतिशी बल्लेबाजी की वजह से वह झारखंड के क्रिस गेल के नाम से मशहूर हो रहे हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ फिन एलन ने खेली तूफानी पारी

### लगाए 16 छक्के, एक पारी में सबसे ज्यादा, न्यूज़ीलैंड 45 रन से जीता, सीरीज में 3-0 की बढ़त



**डुनेडन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा टी-20 भी एकतरफा अंदाज में जीत लिया। डुनेडिन में बुधवार को टीम ने 45 रन से मैच जीतकर 5 टी-20 की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड से फिन एलन ने 16 सिक्स लगाकर 137 रन की पारी खेली। एलन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 224 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम 7 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी।

**एलन ने की सबसे ज्यादा सिक्स लगाने की बराबरी**

फिन एलन को 137 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल की एक पारी में सबसे ज्यादा 16 छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। उनसे पहले अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई भी आयरलैंड के खिलाफ 2019 में 16 सिक्स लगा चुके हैं।

एलन ने पारी में 16 सिक्स के साथ 5 चौके भी लगाए। यानी उन्होंने बाउंड्री से 116 रन बना लिए। इसी के साथ वह एक पारी में बाउंड्री से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कीवी बैटर बन गए। उनसे पहले ब्रेंडन मैक्कुलम ने बाउंड्री से 96 रन बनाए थे। एलन ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा टी-20 स्कोर भी बनाया। उनसे पहले मैक्कुलम ने ही 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन बनाए थे।

**पाकिस्तान ने लगातार तीसरे टी-20 में बॉलिंग चुनी**

डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर एक बार फिर बॉलिंग चुनी। टीम ने शुरुआती 2 टी-20 में भी टॉस जीतकर बॉलिंग ही चुनी थी। न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग की, टीम की शुरुआत ठीक नहीं रही। डेवोन कॉन्वे चौथे ही ओवर में 7 रन बनाकर हारिस रऊफ का शिकार हो गए।

**कॉन्वे-सायफर्ट ने की सेंचुरी पार्टनरशिप**

पहला विकेट जल्दी गंवाने के बाद एलन ने एक एंड पर तेजी से रन बनाए। उन्हें टिम सायफर्ट का बखूबी साथ मिला। दोनों ने टीम को 150 रन के पार पहुंचाया और सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर ली। सायफर्ट 31 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 125 रन की साझेदारी टूटी। एलन फिर भी टिके रहे। उन्होंने किसी भी पाकिस्तानी बॉलर के खिलाफ गेम धीरे नहीं किया। एलन ने सेंचुरी लगाई और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचा दिया। वह 62 बॉल में 137 रन बनाकर 18वें ओवर में आउट हुए।

**आखिरी 16 गेंद पर 21 रन ही बना सके कीवी बैटर्स**

फिन एलन 17.2 ओवर में आउट हुए, इस वक्त स्कोर 203/4 था। एलन के बाद टीम आखिरी 16 बॉल में 21 रन ही बना सकी और अपने 3 विकेट गंवा दिए। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए। न्यूजीलैंड से डेरिल मिचेल ने 8, ग्लेन फिलिप्स ने 19, मार्क चापमन ने 1, मिचेल सैंटनर ने 4, मैट हेनरी ने 1 और ईश सोढी ने 3 रन बनाए।

**रऊफ ने लुटाए 60 रन**

पाकिस्तान से हारिस रऊफ ने 4 ओवर में 60 रन लुटा दिए, उन्हें 2 विकेट जरूर मिले लेकिन वह बहुत महंगे रहे। पाकिस्तानी के लिए सभी बॉलर्स ने विकेट लिए। शाहीन अफरीदी, जमान खान, मोहम्मद नवाज और मोहम्मद वसीम जूनियर को 1-1 विकेट मिला।

**पाकिस्तान की शुरुआत खराब, अय्युब जल्दी आउट**

225 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही। ओपनर सैम अय्युब 13 बॉल में 10 रन की धीमी पारी खेलकर आउट हो गए। मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ पारी संभाली। रिजवान 24 रन बनाकर आउट हुए।

**पाक ने लगातार विकेट गंवाए**

62 रन पर रिजवान का विकेट गंवाने के बाद बाबर एक एंड पर टिक गए। लेकिन उनके सामने फखर जमान 19, आजम खान 10 और इफ्तिखार अहमद 1 ही रन बनाकर आउट हो गए। बाबर ने भी फिफ्टी लगाई लेकिन वह भी 37 बॉल में 58 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।



## विश्व विजेता डिंग लिरेन को हराकर प्रगनानंद भारत के नंबर 1 खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 18 वर्षीय रमेशबाबू प्रगनानंद ने नीदरलैंड के विज्क आन ज़ी में टाटा स्टील मास्टर्स में मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर लाइव क्लासिकल शतरंज रैंकिंग में विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ दिया। प्रगनानंद 2748.3 रेटिंग अंकों के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर कुल मिलाकर 11वें स्थान पर पहुंच गए, जो आनंद से 0.3 अधिक है। उन्होंने इस बड़ी जीत के साथ प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। वह विश्वनाथन आनंद के बाद क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराने वाले केवल दूसरे भारतीय हैं। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने युवा शतरंज प्रतिभा की प्रशंसा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। सचिन तेंदुलकर ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ इस जीत के लिए प्रगनानंद को बहुत-बहुत बधाई। 18 साल की छोटी उम्र में आपने न केवल खेल पर अपना दबदबा बनाया, बल्कि भारत के शीर्ष रेटेड खिलाड़ी भी बन गए।

### राशिद खान की वापसी पर

## अफगानिस्तान के कोच का बयान आया सामने

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि` स्टार स्पिनर राशिद खान की क्रिकेट के मैदान पर बहुप्रतीक्षित वापसी पर कोई समय सीमा नहीं है। राशिद ने अफगानिस्तान के लिए आखिरी बार वनडे विश्व कप में हिस्सा लिया था और तब से वह पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर हैं। यह हमारे लिए यह सुनिश्चित करने का मामला है कि हम वास्तव में उसकी पीठ से सावधान रहें।



वह इतना प्रभावशाली खिलाड़ी है, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वह 100 प्रतिशत तैयार है और उस प्रकार की सर्जरी से उसे जल्दी वापस न ले लाएं। उसे समय देना महत्वपूर्ण है और वह कड़ी मेहनत कर रहा है और वह यहां टीम के साथ है। राशिद भारत के अपने पहले दौरे के लिए टीम के साथ चंडीगढ़ गए, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जादरान ने पहले टी20आई की पूर्व संध्या पर संकेत दिया कि लेग स्पिनर अभी मैच-फिट नहीं है। ट्रॉट ने कहा, वह अफगान राष्ट्रीय टीम के प्रति बहुत भावुक और समर्पित है। जब वह तैयार हो जाएगा, तो वह मैदान पर उतरने वाला पहला व्यक्ति होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब कुछ ठीक है, उसे कुछ और चेक-अप करवाने हैं।

ट्रॉट ने कहा, यह कोई वास्तविक समय सीमा नहीं है। मुझे उम्मीद है कि यह बाद में होने की बजाय जल्द ही होगी। लेकिन कोई दबाव या जल्दबाजी नहीं है। राशिद अफगानिस्तान के सबसे हालिया असाइनमेंट, साल की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात पर टी20आई श्रृंखला की जीत (2-1) से चूक गए। उन्होंने अक्टूबर और नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप के बाद से किसी प्रतिस्पर्धी मैच में भाग नहीं लिया है।



## ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दिन उलटफेर, 16 साल की मीरा एंड्रीवा ने वर्ल्ड नंबर-6 ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में हराया

**मेलबर्न, एजेंसी।** मेलबर्न पार्क में अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही एंड्रीवा ने रॉड लेवर एरेना में तीन बार की ग्रैंड स्लैम रनर-अप को महज 54 मिनट में 6-0, 6-2 से हराया। एंड्रीवा पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा ले रहीं है। उन्होंने ग्रैंड स्लैम डेब्यू पिछले साल किया था। वो विंबलडन 2023 के चौथे, फ्रेंच ओपन तीसरे और स्ओपन के दूसरे राउंड तक पहुंची थीं।

ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने हमवतन कैरोलिन डोलेहाइड को 7-6, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में प्रवेश किया। इससे पहले, अमेरिका की युवा स्टार गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार शुरुआत की। उन्होंने महिला एकल के पहले दौर में स्लोवाकिया की अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया टेनिस ऑस्ट्रेलिया बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया।

## आईसीसी ने 115 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले बांग्लादेशी ऑलराउंडर पर लगाया 2 साल का बैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी नासिर हुसैन को आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन के आरोप स्वीकार करने के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नासिर हुसैन पर सितंबर 2023 में आईसीसी की ओर से आरोप लगाए गए थे। नासिर हुसैन ने तीन आरोप स्वीकार कर लिए हैं। नासिर हुसैन पर दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इसमें 6 महीने का निलंबित प्रतिबंध भी शामिल है।

### नासिर हुसैन ने स्वीकार किए आईसीसी के ये 3 आरोप

आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4.3 का उल्लंघन इसमें नासिर हुसैन ने नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी को उन्हें मिले उपहार का खुलासा नहीं किया था, जिसमें उन्हें 750 अमेरिकी डॉलर के मूल्य वाला नया आईफोन 12 मिला था। आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4.4 का उल्लंघन-नासिर हुसैन नामित भ्रष्टाचार-रोधी अधिकारी को उनसे संपर्क करने वाले का पूरा विवरण देने में विफल रहे, जिसने उन्हें नया आईफोन 12 उपहार में दिया और भ्रष्ट कार्यों में शामिल होने की पेशकश की। आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4.6 का उल्लंघन-नासिर हुसैन ने नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी को जांच में सहयोग नहीं किया या बिना किसी ठोस कारण के इनकार कर दिया। आईसीसी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 25 साल के इस हरफनमौला ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और प्रतिबंध पर अपनी सहमति जताई है।

### 7 अप्रैल 2025 तक लागू रहेगा प्रतिबंध

नासिर हुसैन 7 अप्रैल 2025 के बाद क्रिकेट की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। नासिर हुसैन पुणे डेविल्स फ्रेंचाइजी से जुड़े उन 8 लोगों में शामिल थे जिन पर 2020-21 में अबुधाबी टी10 में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाए गए थे। नासिर हुसैन ने 2011 से 2018 तक बांग्लादेश की तरफ से 19 टेस्ट, 65 वनडे और 31



टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच (कुल 115 इंटरनेशनल मैच) खेले हैं।

### लगा चुके हैं 2 शतक और 14 इंटरनेशनल अर्धशतक

इसमें उन्होंने 2695 रन बनाए और 39 विकेट लिए। इसमें उनके 2 शतक (एक टेस्ट और एक वनडे इंटरनेशनल मैच) और 14 अर्धशतक भी शामिल हैं। उन्होंने आखिरी बार 25 जनवरी 2018 को अपने देश का प्रतिनिधित्व (मीरपुर में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच) किया था। नासिर हुसैन ने घरेलू सर्किट में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया है। हाल ही में प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के लिए ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग में हिस्सा लिया। नासिर हुसैन ने अब तक 105 फर्स्ट क्लास, 219 लिस्ट ए और 143 टी20 मैच खेले हैं। इसमें क्रमशः 6023, 6098 और 2297 रन बनाए हैं, जबकि 8, 24 और 7 विकेट लिए हैं।



## टी-20 विश्व कप 2024 में वापसी करेंगे जोफ्रा आर्चर

### पिछले साल से पेशेवर क्रिकेट से हैं दूर

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कोहनी की चोट से उबरकर इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

इंग्लैंड की 2019 में वनडे विश्व कप में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले आर्चर ने पिछले साल मई से पेशेवर क्रिकेट में कोई मैच नहीं खेला है।

दिसंबर में इंग्लैंड टीम के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान उन्होंने हालांकि सीमित ओवरों की टीम के साथ अभ्यास किया था। इंग्लैंड के क्रिकेट निदेशक रॉब की ने कहा, 'हमारी योजना उसे टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना है। हम इसके लिए उसे धीरे-धीरे तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने उसे वेस्टइंडीज में गेंदबाजी करते हुए देखा था और उसे देखकर लग रहा था जैसे वह खेल से बाहर ही ना रहा हो। मैं उसकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करना चाहता हूं।

आर्चर इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में भी नहीं खेल पाएंगे। उनकी फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने उन्हें 'रिलीज कर दिया था।

## द केरल स्टोरी के बाद अदा की अगली फिल्म बस्तर - द नक्सल स्टोरी




पिछले साल अदा शर्मा की फिल्म 'द केरल स्टोरी' ने खूब सुर्खियां बटोरी। विवाद होने के बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। यह वर्ष 2023 की दूसरी 200 करोड़ी फिल्म थी। अब वही मेकर्स अदा के साथ एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने इस बारे में खुलासा किया। उन्होंने फिल्म 'बस्तर - द नक्सल स्टोरी' का फर्स्ट लुक शेयर किया और कुछ डिटेल्स भी शेयर कीं। पोस्टर में अदा काफी एग्रेसिव मोड में दिख रही हैं। उनके हाथ में बंदूक है और वे फौजियों की ड्रेस में एक गुट के साथ आगे बढ़ रही हैं। फिल्म में नक्सलियों की कहानी दिखाई जाएगी। तरण ने लिखा, केरल स्टोरी की सफलता के बाद फिल्म के मेकर्स ने अदा शर्मा के साथ एक और फिल्म करने का ऐलान किया है। फिल्म का नाम 'बस्तर - द नक्सल स्टोरी' है। इसका निर्माण विपुल अमृतलाल शाह करेंगे और निर्देशन सुदिप्तो सेन करेंगे। दोनों 'केरल स्टोरी' के बाद इस फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। ये फिल्म 15 मार्च को रिलीज की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 'केरल स्टोरी' फिल्म को कई लोगों ने एक एजेंडा बताया था।



## आर्या में सुष्मिता की जगह मुझे कास्ट करना चाहते थे मेकर्स

सुष्मिता सेन की कमबैक सीरीज आर्या को क्रिटिक्स ने पॉजिटिव रिव्यूज दिए थे। रवीना टंडन ने एक इंटरव्यू के दौरान ये खुलासा किया कि आर्या वेब सीरीज में मेकर्स की पहली पसंद वो थीं। इतना ही नहीं रवीना ने 90 के दशक की फिल्मों के बारे में भी कुछ किस्से शेयर किए। रवीना टंडन ने बताया कि उन्होंने राम माधवानी की क्राइम ड्रामा सीरीज आर्या को ठुकरा दिया था। हालांकि सीरीज की स्क्रिप्ट रोमांचक जरूर थी, लेकिन रवीना उस समय कुछ अलग किस्म के किरदार तलाश रही थीं। इसलिए उन्होंने अपना डिजिटल डेब्यू अरण्यक से किया। बता दें, अरण्यक को फिल्मफेयर ओटीटी पॉपुलर अवार्ड्स से भी नवाजा गया था। सीरीज की कहानी एक भयानक जंगल और रहस्यमयी शहर के बीच घूमती थी। रवीना ने इसमें पुलिस की भूमिका निभाई थी।



## 2024 में धमाल करने को तैयार अक्षय-टाइगर

बड़े मियां छोटे मियां का इंतजार लोगों को लंबे समय से है। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारों की वजह से इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी ज्यादा उत्सुकता है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग जोर शोर से चल रही है। इस बीच अली अब्बास जफर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के कुछ दृश्य जॉर्डन में शूट किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म के तीन गाने के दृश्यों की शूटिंग इस देश में होने वाली है। रिपोर्ट्स के दावे के मुताबिक अक्षय जॉर्डन में शूटिंग को लेकर काफी उत्साहित हैं। हालांकि, इससे पहले वे इस देश में कभी नहीं गए हैं। बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग अब तक मुंबई, लंदन, स्कॉटलैंड और अबू धाबी में हो चुकी है। अब इस लिस्ट में जॉर्डन का नाम भी जल्द ही जुड़ने वाला है। सूत्रों के मुताबिक गाने को बॉस्को मार्टिस कोरियोग्राफ करने वाले हैं। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि निर्माता बड़े पर्दे पर दर्शकों के अनुभव को शानदार बनाने के लिए गानों को बड़े पैमाने पर शूट करने की तैयारी में हैं। वे गानों के माध्यम से जॉर्डन के विभिन्न मूड और रंगों को दिखाने की योजना बना रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार



## जेएनयूएसयू का अस्तित्व नहीं; कुलपति की दो-टूक, छात्र संघ चुनाव कब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने मंगलवार को कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में कोई आधिकारिक रूप से अधिसूचित छात्र संघ नहीं है क्योंकि मामला अदालत में है। प्रशासन लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप छात्र संघ चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसा तब हुआ है जब सोमवार को जेएनयूएसयू ने घोषणा की थी कि वह चुनाव कराने में देरी को लेकर डीन ऑफ स्टूडेंट्स (डीओएस) कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करेगा। बता दें कि जेएनयू में आखिरी बार छात्र संघ चुनाव 2019 में हुए थे। दरअसल, जेएनयू प्रशासन और छात्र संघ 2019 से ही जेएनयूएसयू की मान्यता को लेकर आमने-सामने हैं। जेएनयूएसयू ने सोमवार को घोषणा की थी वह छात्रसंघ चुनाव में देरी के खिलाफ डीन ऑफ स्टूडेंट्स कार्यालय के समाने विरोध प्रदर्शन करेगा। इसी के बाद विश्वविद्यालय की कुलपति का यह बयान आया है। साल 2019 से प्रशासन ने चुनाव परिणामों में तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए छात्रसंघ को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित करने से इनकार कर दिया था।वहीं छात्र संघ ने चुनाव की तारीखों की तुरंत घोषणा करने की मांग को लेकर 17 जनवरी को डीओएस कार्यालय का 'घेराव' करने का आह्वान किया है। इस मसले पर वीसी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव नहीं रुकेंगे। हमें लिंगदोह कमेटी द्वारा तय दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने डीएनए प्रोफाइल मामले में केंद्र सरकार से मांगा जवाब, गुमशुदा लोगों की तलाश की मांग पर होगी सुनवाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश भर में लापता लोगों का पता लगाने और लावारिस शवों की पहचान करने के लिए डीएनए प्रोफाइल का डेटाबेस बनाने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वकील के सी जैन की याचिका पर केंद्र, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो और अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारत संघ ने 2018 में आश्वासन दिया था कि अज्ञात और लावारिस शवों या लापता व्यक्तियों के रिकार्ड के रखरखाव को सक्षम करने के लिए डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए एक विधेयक संसद में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले साल जुलाई में लोकसभा से डीएनए प्रौद्योगिकी (उपयोग और अनुप्रयोग) विनियमन विधेयक, 2019 वापस ले लिया, जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति की पहचान के लिए डीएनए प्रौद्योगिकी के उपयोग को विनियमित करना था। इसके बाद पीठ इस मामले में नोटिस जारी करने पर सहमत हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में गृह मंत्रालय, सीबीआइ, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर एक एनजीओ द्वारा दायर याचिका पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी थी।

# दिल्ली के एयरस्पेस में 11 दिन की पाबंदी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों और समारोहों के मद्देनजर इस महीने राजधानी दिल्ली में 11 दिनों के लिए हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध 19 से 25 जनवरी के साथ-साथ 26 और 29 जनवरी को लागू रहेंगे, लेकिन इसका असर नियमित उड़ानों पर नहीं पड़ेगा।

अधिकारियों के अनुसार, 19-25 जनवरी की अवधि के दौरान शेड्यूल एयरलाइनों की अनशेड्यूल फ्लाइट और चार्टर्ड फ्लाइट्स को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक लैंडिंग या टेक-ऑफ की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, इस दौरान निर्धारित उड़ानें प्रभावित नहीं होंगी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा जारी (नोटिस टू एयरमेन) नोटम के अनुसार, ये प्रतिबंध 26 से 29 जनवरी की अवधि के दौरान सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक लागू रहेंगे।

26 जनवरी, गणतंत्र दिवस पर, सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक किसी भी फ्लाइट को टेकऑफ या लैंडिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय वायुसेना, बीएसएफ, सेना के विमानन हेलीकॉप्टर संचालन के साथ-साथ राज्य के स्वामित्व वाले विमान/हेलीकॉप्टरों पर नोटम का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जो किसी राज्य के राज्यपाल/मुख्यमंत्री के साथ उड़ान भर रहे हैं।

भारत 26 जनवरी, 2024 को अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। इस साल फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन मुख्य अतिथि होंगे। यह छठा अवसर होगा जब कोई फ्रांसीसी नेता गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। पहली बार, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सभी महिला मार्चिंग और ब्रास बैंड टुकड़ियां इस वर्ष के गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर भाग लेंगी। एक सहायक कमांडेंट रैंक की महिला अधिकारी और दो अधीनस्थ अधिकारी 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर मार्च करते हुए कुल 144 महिला बीएसएफ कॉन्स्टेबलों का नेतृत्व करेंगी।

गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सतर्कता बढ़ा दी है। गणतंत्र दिवस की तैयारियों के हिस्से के रूप में, दिल्ली पूर्वी जिला पुलिस ने आतंकवादी हमले की स्थिति का अनुकरण करते हुए अक्षरधाम मंदिर में एक मॉक ड्रिल आयोजित की। विभिन्न आपातकालीन स्थितियों के जवाब में पुलिस और सुरक्षा बल की तत्परता का मूल्यांकन करने के लिए डिजाइन किए गए इस अभ्यास का उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए समग्र सुरक्षा तैयारियों को बढ़ाना है।

सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 2,274 कैडेट एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर 2024 में भाग लेंगे। 907 लड़कियों के साथ, इस वर्ष के शिविर में लड़की कैडेटों की सबसे बड़ी भागीदारी देखी जाएगी।

न्यूज एजेंसी भाषा की रिपोर्ट के अनुसार, आमतौर पर नोटम नोटिस वो होता है जिसमें विमान परिचालन से जुड़े कर्मचारियों को आवश्यक सूचना दी जाती है। अधिकारी ने बताया कि इस प्रतिबंध का असर विमानन कंपनियों की नियमित उड़ानों पर नहीं पड़ेगा। इसके अलावा नोटम का असर वायुसेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना के हेलीकॉप्टर के परिचालन पर भी नहीं होगा। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के सरकारी विमान/हेलीकॉप्टर भी इस पाबंदी से बाहर रहेंगे। दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश के सबसे बड़े हवाई अड्डों में से एक है, जहां रोजाना करीब 1300 उड़ानों का परिचालन होता है।

## नहीं बदले की हो कामना... मोबाइल छीनने वाले की पीड़ित ने ही बचा ली जान, दिखाया बड़ा दिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वो बुराई करे, हम भलाई करें, ना बदले की हो कामना; कुछ ऐसी ही भावना के साथ गुरुग्राम में एक शख्स ने उसकी जान बचा ली जो उसका मोबाइल छीनकर भागा था। आईएमटी मानेसर से मोबाइल छीनकर भागते हुए आरोपी बाइक से गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गया था। पीड़ित ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। अस्पताल में उसका ऑपरेशन किया गया है। लेकिन अभी होश में नहीं आया है।

घटना सेक्टर 8 में ऑटोटेक पार्क के पास शाम करीब 6=10 बजे हुई। टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में काम करने वाले प्रमोद कुमार (30) ने बताया कि वह एक दोस्त के साथ शाम को घर लौट रहे थे। फिर वे कुछ और लोगों के इंतजार में रुक गए। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक कुमार ने कहा, उस वक्त किसी का फोन आ गया और मैं बात करने लगा। तभी यामहा आर15 पर सवार होकर एक शख्स डीआरआई चौक की तरफ से आया और मेरा फोन छीन लिया। वह केएमपी की तरफ तेजी से भागने लगा। लेकिन करीब 200 मीटर आगे जाते ही उसने बैलेंस खो दिया। उसकी बाइक फिसल गई और वह जोर से जमीन पर गिरा।

प्रमोद तेजी से दौड़े और वहां पहुंचा तो देखा कि बाइक सवार बेहोश हो चुका है। उन्होंने तुरंत 112 डायल किया। कुमार ने कहा, मैंने उसका नाम भी पूछा लेकिन वह जवाब नहीं दे सका। उसके मुंह और सिर में चोट थी। मैंने उसके हाथ से बंधे बैक को चेक किया तो उसमें मेरा मोबाइल था। मैंने तुरंत इमर्जेंसी नंबर पर कॉल किया और पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाई और उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

आईएमटी मानेसर पुलिस थाने के एसएचओ देवेंद्र कुमार ने कहा कि घायल आरोपी करीब 25 साल की उम्र का होगा। उन्होंने बताया कि सेक्टर 10 के सरकारी अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया है। उसके मुंह, सिर और नाक में गंभीर चोट है। डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया है। उसके चेहरे पर जख्म हैं। उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके। उसकी स्थिति अभी अस्तिथ है और बातचीत की हालत में नहीं है। एसएचओ ने बताया कि प्रमोद की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। आरोपी के कब्जे से पांच और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

## गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक दौड़ेगी रैपिड रेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में बन रहे देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट को गाजियाबाद से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। जेवर और गाजियाबाद के बीच रैपिड रेल (रैपिडएक्स) के लिए सर्वे शुरू हो चुका है। प्रॉजेक्ट के पूरा हो जाने से गाजियाबाद और नोएडा के निवासी जेवर एयरपोर्ट तक करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से यात्रा कर पाएंगे। गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ईस्ट और यमुना प्राधिकरण के लोगों को इसका फायदा होगा। 72 किलोमीटर के इस रूट पर कुल 12 स्टेशन बनाए जाएंगे।


**कब तक कर पाएंगे सफर:** गाजियाबाद से नोएडा के बीच इस रैपिडएक्स प्रॉजेक्ट को दो हिस्सों में पूरा किया जाएगा। 72 किलोमीटर के रूट को दो हिस्से में बांटा गया है। पहले चरण का काम 2031 में पूरा हो जाएगा तो दूसरा हिस्सा 2041 तक तैयार होगा। पहले चरण में गाजियाबाद और सेक्टर इकोटेक-5 (कासना) के बीच 37.15 किलोमीटर रूट पर रैपिड रेल दौड़ेगी। इसके बाद इकोटेक-6 से नोएडा एयरपोर्ट तक का कॉरिडोर तैयार किया जाएगा।



**कहां-कहां स्टेशन :** गाजियाबाद आरआरटीएस से नोएडा एयरपोर्ट के बीच कुल 12 स्टेशन होंगे। इनमें से दो गाजियाबाद में होंगे, जबकि बाकी गौतमबुद्धनगर में होंगे। कुल 12 प्रस्तावित स्टेशन हैं- गाजियाबाद आरआरटीएस, गाजियाबाद साउथ, ग्रेटर नोएडा वेस्ट (सेक्टर-4), ग्रेटर नोएडा (सेक्टर-2), नॉलेज पार्क-5, सूरजपुर, परी चौक, इकोटेक-6, दनकौर, यीडा नॉर्थ (सेक्टर18), यीडा सेंट्रल (सेक्टर 21, 35) और नोएडा एयरपोर्ट।

**शुरू हो गया है सर्वे:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और गाजियाबाद के बीच रैपिड रेल के लिए सर्वे का आगाज हो चुका है। सर्वे के साथ मिट्टी की जांच, स्टेशनों का लेआउट, ट्रैक के निर्धारण का काम चल रहा है। रैपिडक्स के संचालन के लिए जिम्मेदार नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (एनसीआरटीसी) ने फिजबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर ली है।

## अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को बनाया निशाना, बैलिस्टिक मिसाइलों के अड्डे किए तबाह



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने हूती विद्रोही के ठिकानों को निशाना बनाया है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, अमेरिकी सेना ने मंगलवार को यमन में स्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया है।

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिकी सेना ने उन बैलिस्टिक मिसाइलों को तबाह कर दिया है, जिन्हें हूती विद्रोहियों द्वारा इस्तेमाल किया जाना था।

### अपने हमले को रोके हूती विद्रोही– व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि हूती विद्रोहियों के पास फैसला करने का एक विकल्प है। यही सही समय है कि वह इन हमलों को रोके। इससे पहले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि फ्रांस ने अमेरिकी नेतृत्व वाले हमलों में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि वह क्षेत्रीय तनाव से बचना चाहता है। समाचार एजेंसी रायटर ने अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी सेना ने हूती विद्रोहियों की चार एंटी-शिप मिसाइलों पर हमला किया है। इससे पहले हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज पर हमला किया था।

### फलस्तीनियों के साथ एकजुटता से काम कर रहे हैं– हूती विद्रोही

हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे फलस्तीनियों के साथ एकजुटता से काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाजों पर हमला करना शुरू किया था।

इससे पहले ये जानकारी सामने आई थी कि अमेरिका हूती विद्रोहियों को वैश्विक आतंकियों के रूप में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रहा है। बाइडन प्रशासन जल्द ही हूती विद्रोहियों को वैश्विक आतंकी घोषित करने का एलान कर सकता है।

## न्यूजीलैंड की सांसद ने मॉल से कपड़े चुराए

### 2 स्टोर्स में 3 बार चोरी का आरोप, इस्तीफा देते हुए कहा- ऐसा तनाव में किया

**वेलिंगटन , एजेंसी।** न्यूजीलैंड में ग्रीन पार्टी की सांसद गोलरिज घरमन पर दो शॉपिंग स्टोर्स से 3 बार कपड़े चुराने का आरोप है। इसके बाद सोमवार को उन्होंने इस्तीफा दे दिया। घरमन का चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


गोलरिज ने कहा- काम के तनाव ने मुझे परेशान कर दिया और जो कुछ हुआ यह उसी तनाव का नतीजा है। हालांकि, मैं मानती हूं कि मैंने अपने लोगों की नीचा दिखाया है। इसके लिए माफी मांगती हूं।

गोलरिज पर ऑकलैंड और वेलिंगटन के स्टोर्स से ड्रेस चोरी के आरोप हैं। पुलिस ने इन स्टोर्स के वीडियो फुटेज हासिल कर लिए हैं। अब गोलरिज के खिलाफ जांच भी शुरू हो चुकी है।

**रिफ्यूजी से सांसद और मंत्री:** 'वोक्स न्यूज' की एक रिपोर्ट के मुताबिक- गोलरिज ईरानी मूल की हैं। देश और विदेश में ह्यूमन राइट्स के मुद्दों पर उन्होंने काफी काम किया है। 2017 में वो पहली रिफ्यूजी बनीं, जिन्हें न्यूजीलैंड सरकार में जगह मिली। उन्हें जस्टिस मिनिस्टर बनाया गया। ग्रीन पार्टी ने गोलरिज की जगह अब दूसरी महिला सांसद को मौका देने की बात कही है।

**ईरान से भागकर न्यूजीलैंड आई थी फैमिली:** 42 साल की हो चुकीं गोलरिज की फैमिली करीब 30 साल पहले ईरान से भागकर न्यूजीलैंड आई थी। इसके बाद उन्हें यहां की नागरिकता भी मिल गई। हालांकि, अब तक पुलिस ने उनके खिलाफ कोई चार्जशीट तैयार नहीं की है।

वीडियो में नजर आता है कि गोलरिज के हाथ में एक ब्रांडेड हैंडबैग है। वो लोगों की नजरें चुराकर कुछ कपड़े बैग में डालती हैं और निकल जाती हैं। पुलिस ने कहा- गोलरिज सांसद हैं। ऐसे लोगों से सभी को जिम्मेदारी वाले बर्ताव की उम्मीद रहती है ताकि वो मिसाल पेश कर सकें। हमारी ये सांसद इस मामले में लोगों की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं।



पुलिस के बयान पर सांसद ने कहा- मैं जानती हूं कि गलती किस वजह से हुई। मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट भी कहते हैं कि मेंटल स्ट्रैस की वजह से मैंने इस तरह की गलती की है।

**पार्टी ने क्या कहा:** ग्रीन पार्टी के नेता जेम्स शॉ ने कहा- गोलरिज का मैं बचाव तो नहीं कर सकता लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि वो जब से सांसद बनीं हैं, तब से उन्हें अलग-अलग तरह की धमकियां मिल रही हैं। इस वजह से वो काफी तनाव में रही हैं। हो सकता है ये घटना इसी वजह से हुई हो।

शॉ ने आगे कहा- पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। गोलरिज ने बेहद तनाव झेला है और वो भी सांसद बनने के बाद पहले दिन से। अगर कोई भी इस तरह की धमकियां झेलेगा तो मानसिक रूप से दबाव में आ जाएगा। 2021 में एक इंटरव्यू में गोलरिज ने कहा था- मुझे ऑनलाइन और ऑफलाइन धमकियां मिलती हैं। मेरी जान को खतरा है। इसके बाद मुझे घर में डेंजर अलार्म लगवाना पड़ा। हाल ही में मैंने फिलिस्तीन के पक्ष में रैली ऑर्गनाइज की तो मामला और बिगड़ गया।

# हाउती विद्रोहियों को फिर वैश्विक आतंकियों के तौर पर सूचीबद्ध करने की तैयारी में अमेरिका: रिपोर्ट

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका एक बार फिर यमन के हाउती विद्रोहियों को वैश्विक आतंकियों के तौर पर सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रहा है। समाचार एजेंसी रायटर को एक अमेरिकी अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक बाइडन प्रशासन हाउती विद्रोहियों को वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए एक योजना की घोषणा कर सकता है।

पिछले बीते कई दिनों के दौरान अमेरिकी सेना ने लाल सागर में समुद्री जहाजों की यात्रा को बाधित करने वाले विद्रोही समूह के हमलों के जवाब में देश के हाउती विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दाग कर हमला किया था। अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों के विरोध में हाउती विद्रोहियों ने इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

वहीं, बीते शुक्रवार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने विद्रोही समूह को आतंकवादी समूह करार दिया था। जिसके बाद हाउती विद्रोहियों ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी जारी की थी।



### अमेरिका ने फिर किए हमले

अमेरिका ने मंगलवार को एक बार फिर हाउती विद्रोहियों के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। अमेरिका द्वारा यह कार्रवाई हाउती विद्रोहियों द्वारा दक्षिणी लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन में मिसाइलें दागने के बाद की गई है। विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका द्वारा की गई यह तीसरी जवाबी कार्रवाई है। अमेरिकी सेना की ओर से साझा किए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया है कि अमेरिका ने एक बार फिर हाउती विद्रोहियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है। हमले में किसी भी तरह की जनहानी की सूचना नहीं दी गई है।

## चुनाव परिणाम से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि ताइवान चीनी है, चीन ने किया बड़ा दावा

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि ताइवान के चुनाव के नतीजे से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि यह द्वीप चीनी है। प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बीजिंग में एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, चुनाव परिणाम पुनर्एकीकरण की प्रवृत्ति को नहीं रोक सकते। ताइवान की सरकार चीन के संप्रभुता के दावे को खारिज करती है। ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी), जिसने शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव जीता, बीजिंग के संप्रभुता के दावों को खारिज कर दिया है, लेकिन वह बार-बार बातचीत की पेशकश करती रही है जिसे अस्वीकार कर दिया गया है। चीन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते को एक खतरनाक अलगाववादी के रूप में देखता है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बीजिंग में एक नियमित समाचार ब्रीफिंग में कहा कि ताइवान के चुनाव के नतीजे इस तथ्य को नहीं बदलेंगे कि द्वीप चीनी है। चेन ने कहा, बल प्रयोग को त्यागने का हमारा वादा बिल्कुल भी ताइवान के लोगों पर लक्षित नहीं है। हम बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप और छोटी संख्या में ताइवान के स्वतंत्र अलगाववादियों और उनकी अलगाववादी गतिविधियों को लक्षित कर रहे हैं। पिछले डेढ़ साल में चीन ने ताइवान के आसपास दो बार बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास किया है और नियमित रूप से ताइवान जलडमरूमध्य में लड़ाकू जेट और युद्धपोत भेजता है। उन्होंने कहा, ताइवान में मुख्यधारा की जनता युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहती है।

दूरी नहीं बल्कि आदान-प्रदान चाहती है और डीपीपी को हटाना चाहती है। लाई की 50 प्रतिशत से भी कम वोट से जीत और डीपीपी के संसदीय बहुमत के नुकसान के बाद शनिवार को कार्यालय की टिप्पणी दोहराई गई। उन्होंने कहा, अगर डीपीपी पश्चाताप नहीं करती है और उकसाने के रास्ते पर आगे बढ़ती है, तो यह केवल ताइवान को खतरनाक स्थिति में धकेल देगी और ताइवान को गंभीर नुकसान पहुंचाएगी।

चेन ने कहा कि ताइवानी हमारा मांस और खून हैं, लेकिन कुछ लोग स्वतंत्रता के विचारों से जहरग्रस्त हो गए हैं और जलडमरूमध्य और राष्ट्रीय पहचान के पार संबंधों की पक्षपातपूर्ण समझ रखते हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पताः- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार,आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।